● जयपुर, शनिवार, 19 अक्टूबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 63 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● **स्वामी विवेकानंद**

पेज @3 समर्थन मूल्य पर बाजरा खरीदे सरकार...

पेज @4 दिया कुमारी ने लंदन में प्रवासी राजस्थानी समुदाय से किया ...

पेज @8 केन्द्रीय किसान कल्याण मंत्री भागीरथ चौधरी से गुजरात के राज्यपाल...

# राजस्थान रॉयल्स की मालिक कंपनी के साथ मिलकर जयपुर को बनाएंगे स्पोर्ट्स हब: मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा

## हमारी प्रगतिशील नीतियों ने पर्याप्त विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को आकर्षित किया है : दिया कुमारी

**चमकता राजस्थान**







**जयपुर, 18 अक्टूबर।** 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत ब्रिटेन के निवेशकों तक पहुंचने के प्रयास को जारी रखते हुए, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों ने कई ब्रिटिश कंपनियों के साथ बैठकें कीं और कल शाम लंदन में आयोजित 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टर रोड शो में भाग लिया।

इसके अलावा, राज्य में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने लंदन के लार्ड्स क्रिकेट मैदान में राजस्थान रॉयल्स क्रिकेट टीम के मालिक रॉयल मल्टीस्पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों के साथ मुलाकात की। इस दौरान रॉयल मल्टीस्पोर्ट और राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल के बीच जयपुर शहर को एक स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित करने (जिसमें स्वास्थ्य और मनोरंजन की सुविधाएं भी होंगी) के लिए एक एमओयू पर भी हस्ताक्षर किया गया, जिसके तहत इसमें स्टेडियम, खेल प्रशिक्षण केंद्र, खेल चिकित्सा और अन्य खेल सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के अलावा, राजस्थान रॉयल्स के मालिक मनोज बडाले और पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेट खिलाड़ी और राजस्थान रॉयल्स के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट कुमार संगकारा भी मौजूद थे।

इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा, ''जयपुर को स्पोर्ट्स का हब बनाने के हमारे प्रयासों को आज बड़ी सफलता मिली है। इसके लिए हमने राजस्थान रॉयल्स क्रिकेट टीम की मालिक कंपनी रॉयल मल्टीस्पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों के संग आज लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में एक एमओयू किया है। इसके तहत, जयपुर के अंदर खेलों को बढ़ावा देने के लिए स्टेडियम और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को भी विकसित किया जाएगा।''

इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी), एडवांस्ड मैन्यूफैक्चरिंग, खाद्य प्रसंस्करण, फिनटेक, स्वास्थ्य, खेल, प्राइवेट इक्विटी फंड, नवाचार, और अक्षय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखने वाली ब्रिटेन की कंपनियों के आला अधिकारियों से मुलाकात की गयी और उन्हें राज्य में व्यापार करने का आमंत्रण दिया गया।

इनमें नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ एंड केयर एक्सीलेंस (ठक्ळए) के अधिकारियों के साथ हुई बैठक और लंदन के इंपीरियल कॉलेज के परिसर में स्थित इंपीरियल इनोवेशन हब - स्केल स्पेस के परिसर का दौरा शामिल है। स्किल स्पेस से हुई बैठक में राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने स्केल स्पेस और राजस्थान स्थित शैक्षणिक संस्थानों, शिक्षाविदों और उद्योग भागीदारों के बीच सहयोग के अवसरों पर भी चर्चा की।

इससे पहले, कल शाम लंदन में आयोजित इन्वेस्टर रोड शो के दौरान, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (आरआईपीएस) 2024 - जो कि राज्य सरकार की प्रमुख निवेश प्रोत्साहन योजना है - का अनावरण किया। इस अवसर उपमुख्यमंत्री सुश्री दिया कुमारी, यूनाइटेड किंगडम में भारत के उच्चायुक्त विक्रम के दोराईस्वामी और राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य उपस्थित थे। रिप्स-2024 में सूचना प्रौद्योगिकी, बिजली, लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों के लिए नए प्रोत्साहन दिए गए हैं और कई नए क्षेत्रों को सनराइज सेक्टर के अंदर शामिल किया गया है।

इसके अलावा, इस इन्वेस्टर रोड शो में राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने इंडो-यूके इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (बायो-मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट), हिंदुस्तान सिलिकॉन रिसोर्सेज लिमिटेड (रक्षा क्षेत्र), और रिन्यू पावर (अक्षय ऊर्जा) जैसी कंपनियों से प्रदेश में निवेश के लिए एमओयू किया।

'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टर रोड शो में बोलते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा, ''हम राजस्थान की निर्माण क्षमताओं को बढ़ाने के लिए ब्रिटिश कंपनियों के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। हमारा लक्ष्य अगले पांच वर्षों में राजस्थान की अर्थव्यवस्था को 180 बिलियन डॉलर से दोगुना करके 350 बिलियन डॉलर करना है और ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), डिजाइन और एडवांस्ड मैन्यूफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में ब्रिटेन की कंपनियों की विश्व-प्रसिद्ध विशेषज्ञता से न केवल राजस्थान को, बल्कि पूरे भारत को बहुत फायदा हो सकता है।''

शिक्षा और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में ब्रिटेन की विशेषज्ञता का उल्लेख करते हुए उपमुख्यमंत्री सुश्री दिया कुमारी ने निवेशकों के समक्ष कहा, ''हमारी प्रगतिशील नीतियों ने पर्याप्त विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को आकर्षित किया है और इससे हमारे आर्थिक विकास में काफी मदद मिली है। साथ मिलकर हम अपने राज्य के विशाल संसाधनों को अनलॉक कर सकते हैं और अपने इतिहास में एक नया अध्याय लिख सकते हैं - एक ऐसा अध्याय जो विकास, नवाचार और स्थायी सफलता से परिभाषित हो।''

ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम के. दोराईस्वामी ने निवेशक रोड शो में बोलते हुए कहा, ''इन्वेस्टमेंट समिट से पहले राजस्थान सरकार द्वारा किए गए व्यापक आउटरीच को देखकर हम उत्साहित हैं। भारतीय उच्चायोग ब्रिटेन स्थित निवेशकों को राजस्थान सरकार से जोड़ने में हरसंभव कोशिश करेगा।''

राज्य में निवेश के अवसरों पर एक प्रेजेंटेशन देते हुए उद्योग विभाग और ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन के आयुक्त श्री रोहित गुप्ता ने कहा, ''खनिज भंडारों और प्रचुर भूमि भूखंडों से परिपूर्ण हमारा राज्य राजस्थान व्यापार के लिए सबसे अधिक अनुकूल क्षेत्रों में से एक के रूप में उभरा है। पर्यटन, कपड़ा, पेट्रोकेमिकल्स और अक्षय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अंतर्निहित ताकत के साथ राजस्थान परिवर्तनकारी विकास के लिए तैयार है।''

इन्वेस्टर रोड शो के अलावा राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने कल शाम इंडो-यूके इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (आईयूआईएच) झ जो कि ब्रिटेन की एक चैरिटेबल ट्रस्ट है, और अल्फा वेव (एक ग्लोबल इन्वेस्टमेंट कंपनी) के अधिकारियों से मुलाकात की। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने भारत की एक अक्षय ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी रीन्यू पावर के संस्थापक, अध्यक्ष और सीईओ सुमंत सिन्हा के साथ भी बैठक की। आईयूआईएच के साथ बैठक के दौरान, आईयूआईएच ने राजस्थान में एक बायो-मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने के लिए राज्य सरकार से एक एमओयू भी किया।

इससे पहले अपनी जर्मनी यात्रा के दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने जर्मनी सरकार के प्रतिनिधियों से बातचीत की थी और जर्मनी को 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के 'पार्टनर कंट्री' के रूप भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। इस यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अल्बाट्रॉस प्रोजेक्ट्स, फ्लिक्सबस, पार्टेक्स एनवी, वेउली टेक्निक्स जीएमबीएच और इंगो श्मिट्ज जैसी कई जर्मन कंपनियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसके मद्देनजर 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के बैनर तले अब तक 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव आ चुके हैं।

मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के अलावा इंग्लैंड दौरे पर गए इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) श्री शिखर अग्रवाल, उद्योग विभाग और ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट्स (बीआईपी) के आयुक्त श्री रोहित गुप्ता और राजस्थान सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अब्बास अंसारी को दी जमानत

**नई दिल्ली/एजेंसी।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के विधायक अब्बास अंसारी को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धन शोधन मामले मंप जमानत दे दी। न्यायमूर्ति एम.एम.सुंदरेश की अध्यक्षता वाली पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 9 मई के आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी।



न्यायमूर्ति पंकज मित्तल ने आदेश दिया कि गैंगस्टर से राजनेता बने दिवंगत मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को निचली अदालत द्वारा लगाई गई शर्तों पर जमानत पर रिहा किया जाए। शीर्ष अदालत ने कहा कि निचली अदालत ऐसी शर्तें लगाएगी, जिससे आरोपी गवाहों को प्रभावित न कर सकें या सबूतों से छेड़छाड़ न कर सकें। इससे पहले अगस्त में शीर्ष अदालत ने इस मामले में एक नोटिस जारी कर ईडी को उत्तर प्रदेश के मऊ से विधायक अंसारी द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा था।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 9 मई के अपने आदेश में उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी, लेकिन निचली अदालत को निर्देश दिया कि वह मुकदमे की सुनवाई जल्द से जल्द पूरी करे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की पीठ ने कहा, ₹इस अदालत को अभी यह विश्वास नहीं हो रहा है कि पीएमएलए की धारा 45 के अनुसार, आवेदक दोषी नहीं है या जमानत पर रहते हुए कोई अपराध नहीं करेगा।₹ अदालत ने अंसारी के खिलाफ ईडी द्वारा पेश किए गए धन के लेनदेन पर भी ध्यान दिया। इसने कहा कि मनी ट्रेल से पता चलता है कि अंसारी ने दो फर्मों मेसर्स विकास कंस्ट्रक्शन और मेसर्स आगाज के तहत पैसे का लेन-देन किया। ईडी ने आरोप लगाया है कि अंसारी ने धनशोधन के लिए इन कंपनियों का इस्तेमाल किया।

## पोस्ट ऑफिस में करोड़ों की धोखाधड़ी, 1500 लोगों के खातों से गायब हो गए पैसे पोस्टमास्टर फरार

**बागेश्वर/एजेंसी।**

उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के सिमगढ़ी में डाकघर में हड़कंप मचा हुआ है। यहां 1500 से अधिक लोगों की जीवन भर की जमा पूंजी गायब हो गई है। यह मामला तब सामने आया जब खाताधारकों ने अपनी पासबुक ऑनलाइन चेक की। ऑनलाइन चेक करने पर पता चला कि उनके खातों से बड़ी रकम गायब है। बताया जा रहा है कि यह मामला तब गंभीर हुआ जब पोस्टमास्टर फरार हो गया।

खबर फैलते ही बागेश्वर के सिमगढ़ी, मझेड़ा और आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग कमेड़ीदेवी पोस्ट ऑफिस पहुंच गए। जब उन्होंने अपनी पासबुक ऑनलाइन चेक की तो उन्हें पता चला कि उनके खातों में जमा राशि गायब है। 70 वर्षीय शारदा देवी ने बताया कि उन्होंने चार साल में 2 लाख रुपये जमा किए थे, लेकिन अब उनके खाते में सिर्फ 2 हजार रुपये बचे हैं। इसी तरह राकेश राठौर ने 12 लाख रुपये की फिक्स्ड डिपॉजिट कराई थी, लेकिन उनके खाते में शून्य बैलेंस दिखा रहा है। इस घटना से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। उन्होंने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। खाताधारकों का आरोप है कि उन्हें धोखे में रखा गया और उनकी मेहनत की कमाई हड़प ली गई। स्थानीय पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। स्टेशन ऑफिसर खुशवंत सिंह ने बताया कि वे सभी संबंधित अधिकारियों से जानकारी जुटा रहे हैं और मामले में जरूरी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अभी पोस्टमास्टर की तलाश कर रही है। खाताधारकों ने मांग की है कि उन्हें जल्द से जल्द न्याय मिले और उनकी जमा राशि वापस लौटा दी जाए।

**प्रशिक्षण** दो भारतीय जहाजों की बहरीन यात्रा पूरी, नौसेना बैंड का रहा शानदार प्रदर्शन

## दोनों नौसेनाओं ने क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा चुनौतियों पर की चर्चा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के प्रथम प्रशिक्षण स्क्वाड्रन के जहाज आईएनएस तीर और तटरक्षक बल के जहाज वीरा ने बहरीन के मनामा में अपनी लंबी दूरी की प्रशिक्षण तैनाती पूरी कर ली। बंदरगाह पर भारतीय अधिकारियों ने बहरीन के नौसैन्य नेतृत्व से मुलाकात करके क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा चुनौतियों और प्रशिक्षण और संचालन में भविष्य के सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। इसके अलावा रॉयल नेवी के कमांडर मार्क एंडरसन, संयुक्त समुद्री बलों के डिप्टी कमांडर से भी मुलाकात की।



फारस की खाड़ी में लंबी दूरी की प्रशिक्षण तैनाती जारी रखते हुए भारत के दो जहाज ओमान की यात्रा पूरी करके 12 अक्टूबर को बहरीन के मनामा बंदरगाह पर पहुंचे थे। जहाज आईएनएस तीर के वरिष्ठ अधिकारी कैप्टन अंशुल किशोर ने 16 अक्टूबर को मेजर जनरल सलमान मुबारक अल-दोसेरी, रॉयल कमांड स्टाफ और नेशनल डिफेंस कॉलेज और कमांडर अहमद इब्राहिम मोहम्मद, कमांडर फ्लोटिला से मुलाकात की। दोनों नौसेनाओं के बीच क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा चुनौतियों और प्रशिक्षण और संचालन में भविष्य के सहयोग के अवसरों पर चर्चा की गई। दोनों जहाजों के अधिकारियों ने रॉयल नेवी के कमांडर मार्क एंडरसन, संयुक्त समुद्री बलों के डिप्टी कमांडर से भी मुलाकात की।

अमेरिकी नौसेना बल केंद्रीय कमान में बातचीत समुद्री सहयोग को मजबूत करने और क्षेत्र में भारतीय नौसेना और अन्य समुद्री बलों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर केंद्रित थी। इसके अलावा बहरीन रक्षा बलों और अन्य मित्र देशों के नौसेना कर्मियों के लिए भारतीय जहाजों पर दौरे आयोजित किए गए, जिससे भविष्य में सहयोगी अभ्यासों के लिए मार्ग प्रशस्त करने वाली सामान्य संचालन प्रक्रियाओं की समझ को सक्षम किया जा सके। समुद्री प्रशिक्षुओं सहित भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने बहरीन में नौसेना सहायता सुविधा का दौरा किया और टास्क फोर्स 59, यूनाइटेड स्टेट्स नेवल फोर्स सेंट्रल कमांड के बारे में जानकारी प्राप्त की। यह यूनाइटेड स्टेट्स सेंट्रल कमांड का यूनाइटेड स्टेट्स नेवी एलिमेंट है। इसकी जिम्मेदारी के क्षेत्र में लाल सागर, ओमान की खाड़ी, फारस की खाड़ी और अरब सागर शामिल हैं।

### सामुदायिक आउटरीच गतिविधि आयोजित

यूनाइटेड स्टेट्स नेवल फोर्स सेंट्रल कमांड और भारतीय नौसेना के कर्मियों ने एक दोस्ताना फुटबॉल मैच में भाग लिया। एक अन्य कार्यक्रम में भारतीय नौसेना के बैंड ने मनामा में एक आकर्षक प्रदर्शन किया। 'ट्री ऑफ लाइफ सोशल चैरिटी सोसाइटी' में एक सामुदायिक आउटरीच गतिविधि आयोजित की गई। इसके अलावा भारतीय दूतावास, बहरीन रक्षा बलों और अन्य सैन्य और नागरिक गण्यमान्य व्यक्तियों और भारतीय प्रवासियों के प्रतिनिधियों के लिए आधिकारिक स्वागत समारोह आयोजित किया गया। दोनों भारतीय जहाजों की यात्रा रॉयल बहरीन नेवी शिप 'अल फारूक' के बीच समुद्री अभ्यास के साथ संपन्न हुई।

# क्रांतिदर्शी पांडुरंग शास्त्री आठवले एवं स्वाध्याय कार्य

पांडुरंग शास्त्री आठवले एक ऐसा नाम है, जिन्होंने भगवद् गीता के विचारों की सिद्धि से न केवल हिंदुस्तान बल्कि पूरे विश्व के लोगों को स्वाध्याय कार्य का सन्देश दिया। विश्व के कई बड़े पुरस्कारों से सम्मानित पांडुरंग शास्त्री आठवले ने भगवद् गीता के विचारों को सरल शैली में बताकर लाखों लोगों को स्वार्थ के बिना कर्म करने के लिए प्रेरित किया। आज विश्वभर में दो करोड़ से भी ज्यादा उनके अनुयायी हैं। उन्हें टेम्पल्टन प्राइज, रेमन मैग्सैसे सम्मान सहित भारत सरकार की तरफ से दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

पांडुरंग शास्त्री का जन्म महाराष्ट्र के रोहा गांव में 10 अक्टूबर, 1920 में हुआ था। उनका जन्मदिन 'मनुष्य गौरव दिन' के बतौर मनाया जाता है। पांडुरंग शास्त्री जी 'दादा' नाम से लोकप्रिय थे। पांडुरंग शास्त्रीजी की विशेषता थी कि उन्होंने कभी प्रेस और मीडिया का इस्तेमाल अपने और अपने कार्य की प्रसिद्धि के लिए नहीं किया। उन्होंने पूरे जीवन में भगवद् गीता के 700 श्लोकों पर 6 से 7 बार प्रवचन किये और आज लाखों वीडियो कैसेट उनके गीता और वेद-उपनिषद् के प्रवचनों में उपलब्ध है। उनके प्रवचन की कोई भी विडियो कैसेट बाजार में बिकती नहीं है। अगर किसी को उनका प्रवचन सुनना है तो उन्हें दादाजी के स्वाध्याय केंद्र में ही जाना पड़ता है और वहीं सबके साथ बैठ कर वो प्रवचन सुन सकते हैं। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी में कभी किसी से सामने हाथ नहीं फैलाया न ही कभी वित्तीय मदद स्वीकार की। दादाजी, भारत के 10,000 गांवों में पैदल चल कर या खुद साइकिल चला कर गए और लोगों को गीता का उपदेश सुनाया। आज समाज में मुफ्त का मिलने पर जहां लाइन लग जाती है, 'दादाजी' ने लाखों लोगों को –मुफ्त का लूँगा नहीं– ऐसे भगवद गीता के महान विचारों पर चलने का एक महत्वपूर्ण विचार कार्यान्वित किया है। उसने खुद कभी किसी के पास से कुछ मांगा नहीं और लाखों लोग ऐसे तैयार भी किये, जो नचिकेत्त वृति के हो। भगवद् गीता, वेद-उपनिषद और पुराणों की महत्त्व की बातें उन्होंने अपने प्रवचन द्वारा लोगों में ट्रांसफर की और वही बातें पुस्तकों के माध्यम से गांव-गांव तक पहुंचाई। कार्य में एक भी पैसे के लेनदेन के बगैर हर कोई व्यक्ति अपना खुद का उद्धार करने के लिए, अपने टिकट और अपनी टिफिन के साथ दूसरे गाँव एवं दूसरे व्यक्ति के पास बिना स्वार्थ जाए, ऐसा माहौल उत्पन्न किया।

'स्वाध्याय' का मतलब बताते हुए उन्होंने कहा कि यह 'स्व' का अध्ययन है, जैसे भगवद् गीता में कहा है कि व्यक्ति खुद ही अपना उद्धार कर सकता है। इलाहाबाद में 'तीर्थराज मिलन' करने के बाद देशभर में उनके कई बड़े कार्यक्रम हुए, जिसमें 10-15 लाख लोग इकट्ठा होते थे, पर पुलिस या सिक्युरिटी की जरूरत न पड़े ऐसे 'स्वयं शिस्त' का उनके कार्यक्रम जैसा उदहारण आजतक कोई दूसरा नहीं प्रस्तुत कर सका। दूसरी विश्वधर्म परिषद् में भारत के प्रतिनिधि के रूप में दादाजी को आमंत्रित किया गया था और उनके द्वारा कहे भगवद् गीता के विचारों से विश्व के कई देशों के लोग बहुत प्रभावित हुए। वहां लोगों ने मुंहमांगी कीमत पर विचार और कार्य यात्रा उनके देश में करने की पेशकश की लेकिन दादाजी ने विनम्रता पूर्वक इसे ठुकराते हुए कहा कि यह विचारधारा मेरे देश की है और जब तक यह विचार पर चलने वाले लोग मेरे देश में तैयार नहीं होंगे तब तक मैं कही नहीं जाऊंगा। दादाजी ने स्वाध्याय कार्य की शुरुआत गुजरात से की थी और फिर महाराष्ट्र से आगे देशभर में लेकर गए। गुजरात में अलग-अलग कई स्थानों पर बिना मूल्य वेद-उपनिषद् एवं कौशल के लिए उनके द्वारा पाठशाला शुरू की गई है।

मुंबई के पास थाना में एक विद्यापीठ की स्थापना की गई है जहां स्नातक के बाद युवाओं को वेद-उपनिषद् का प्रशिक्षण बिना मूल्य दिया जाता है। जब कोई अच्छा काम होता है तब उसमें बाधा डालने वाले लोग तैयार ही होते हैं। ऐसे ही उनके इस पवित्र कार्य में भी हुआ था। 'दीदाजी' के 80वें साल के कार्यक्रम पर उनकी खराब तबीयत के कारण जब उन्हें ऐसा लगा कि अब इस कार्य की डोर किसी को सौंपनी चाहिए तब उनका प्रस्ताव एकमात्र उनकी दत्तक पुत्री, 'जयश्री दीदी' के नाम पर ही था। यह बात भी सही थी, क्योंकि जो कार्य अपनी कड़ी मेहनत से तैयार किया गया हो, उसको वह किसी के भी हाथ में कैसे दें? उनकी इस बात में कोई वांशिक परंपरा का उद्देश्य नहीं था पर जिस व्यक्ति को उन्होंने बचपन से ही अपने साथ रखकर संस्कृति के विचारों पर चलना सिखाया था, उस पर ही उनका विश्वास होता न। लेकिन सालों से पद, प्रतिष्ठा और पैसे की लालसा में उनके आसपास भी ऐसे कई लोग थे, जो चाहते थे कि इस कार्य की जिम्मेदारी उनको दी जाये, जो दादाजी को मंजूर नहीं था। इसी बात को लेकर देशभर में यह 10-12 लोगों ने स्वाध्याय कार्य के कई अनुयायियों को उकसाया और 'दीदी' का विरोध किया।

यह बात सिद्ध है कि अगर दादाजी को पैसे की लालसा होती तो तत्कालीन उप राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन की सरकारी मदद की पेशकश क्यों ठुकराते। डॉ. राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति रहते उनके पास उनकी 'तत्वज्ञान विद्यापीठ' में गए थे। उस समय दादाजी कई आर्थिक मुश्किलों में घिरे हुए थे और राधाकृष्णन ने उनको कई चीजें ऑफर की थी, तब उन्होंने बहुत नम्र भाव से कहा था कि यह कार्य भगवान का है और उसको चलाना है तो वो अपने आप मदद कर देगा, इस कार्य को सरकारी मदद की जरूरत नहीं है। 1996 में जब दादाजी को रेमन मेगसेसे अवॉर्ड मिला तब भी उनको एवॉर्ड लेने के समय में एक ब्लैंक चेक ऑफर किया गया था, उस समय भी दादाजी ने नम्रता से उसे अस्वीकार किया था। 2003 में दादाजी के निधन के बाद उनकी बेटी जयश्री आठवले जी ने उनका कार्यभार संभाला, जिनको 'दीदी' के नाम से स्वाध्यायी लोग जानते हैं। आज देश के एक लाख गाँवों से ज्यादा और विश्व के 40 ज्यादा देशों में यह पवित्र कार्य गति के साथ चल रहा है। दादाजी ने बगैर कंठी बांध कर और कोई लौकिक धार्मिक प्रक्रिया के बिना लाखों लोगों को 'एक बाप-ईश्वर' के बंधन से जोड़ा। स्वाध्याय कार्य शुरू हुआ तब भी कोई फंड-डोनेशन नहीं होता था और आज भी नहीं होता है। बिना किसी लेनदेन से यह कार्य चल रहा है।

# खुली आंखों से समानता के साथ न्याय करने का संदेश



ललित गर्ग

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने भारतीय न्याय प्रणाली की अनेक विसंगतियों एवं विषमताओं को दूर करते हुए अब न्याय की देवी की मूर्ति की आंखों से काली पट्टी हटा दी गई है। इसके साथ ही मूर्ति की हाथ में तलवार की जगह संविधान ने ले ली है। यह कानून को सर्वद्रष्टा एवं भारतीयता का रंग देने की एक सार्थक एवं समयोचित पहल है। सांकेतिक रूप से देखा जाए तो कुछ महीने पहले लगी न्याय की देवी की नई मूर्ति साफ संदेश दे रही है कि न्याय अंधा नहीं है और वह संविधान के आधार पर काम करता है। इस सराहनीय कदम के बावजूद एक बड़ा सवाल है कि क्या मूर्ति की आंखों से पट्टी हटा देने का असर कानूनी प्रक्रिया पर पड़ेगा? भारत में न्याय प्रणाली पर आम धारणा है कि पुलिस और अदालतें लोगों की जिंदगी को तबाह कर देती हैं, वर्षो लम्बी न्याय प्रक्रिया झेलने के बाद भी लोगों को समुचित न्याय नहीं मिल पाता है। न्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है, न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी आदर्श न्याय व्यवस्था में आम व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है। लेकिन यह स्थिति कब बनेगी? क्या न्याय की देवी की मूर्ति में परिवर्तन करने से न्याय प्रक्रिया में कुछ बदलाव हो सकेगा? खुली आंखों से समानता के साथ न्याय करने का संदेश देने वाला यह बदलाव सुप्रीम कोर्ट की जजों की लाइब्रेरी में लगी न्याय की देवी की प्रतिमा में हुआ है। इस प्रतिमा में न्याय की देवी को भारतीय वेषभूषा में दर्शाया गया है। वह साड़ी में दर्शाई गई हैं। सिर पर सुंदर का मुकुट भी है। माथे पर बिंदी, कान और गले में पारंपरिक आभूषण भी नजर आ रहे हैं। जो प्रतीकात्मकता में बदलाव का संकेत है और भारत में न्याय की उभरती भावना को दर्शाता है। लेकिन नई प्रतिमा जिन मूल्यों एवं मानकों की ओर इशारा कर रही है, क्या उसे समझने एवं देखने की हमारी तैयारी है? अगर इस प्रतीकात्मक बदलाव के मूल उद्देश्य को हम नहीं समझ पायेंगे तो यह बदलाव भी अर्थहीन ही होगा। निश्चित ही प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अगुवाई में सुप्रीम कोर्ट और न्याय व्यवस्था पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ा रही है। लगातार यह संदेश देने की कोशिश हो रही है कि न्याय सभी के लिए है, न्याय के समक्ष सब बराबर हैं और कानून अब अंधा नहीं है। अब न्याय की देवी के एक हाथ में तराजू और दूसरे हाथ में पुस्तक है जो संविधान जैसी दिखती है।



यह सर्वविदित एवं लोगों में आम धारणा है कि थाना-पुलिस और कोर्ट-कचहरी का चक्कर लगा-लगा कर आम आदमी की जिंदगी तबाह हो रही है, तब मूर्ति की आंखों से पट्टी हटाकर भला क्या सुधर जाना है? न्याय की देवी को सच में आंखें देनी हैं तो कानून में आमूल-चूल परिवर्तन, त्वरिता, समयबद्धता एवं समानता की जरूरत होगी। यह तो चीफ जस्टिस भी जानते हैं। आखिर किसे नहीं पता कि इस देश में सड़क से लेकर अदालत तक, हर जगह कानून की धज्जियां उड़ती हैं और न्याय की देवी यूं ही स्टैच्यू बनी रहती हैं। कोई हरकत नहीं, बिल्कुल संवेदनहीन। सड़कों पर कानून तमाशबीन बनकर खड़ा है, थाने में वह उगाही और उत्पीड़न का अस्त्र बना है तो अदालतों में दलीलों और तारीखों की बेइंतहा ऊबाऊ प्रक्रिया का जटिल हिस्सा है, जिसकी जकड़न में गए तो खैर नहीं। अब तक अंधे कानून की त्रासदी न्याय की देवी देख नहीं पाती थीं, अब वो खुली आंखों से सब देखेंगी। कम-से-कम उम्मीद तो कर ही सकते हैं कि देख पाने के कारण न्याय की देवी की मूर्ति में भी संवेदना जग जाए। जस्टिस चंद्रचूड़ ने वाकई अच्छी पहल की है, उसका स्वागत होना चाहिए। 1983 को एक फिल्म अंधा कानून रिलीज हुई थी। इस फिल्म एवं इसके गाने में कोर्ट-कचहरी, वकील-दलील, सुनवाई-फैसले के हालात को शब्द दिए गये हैं। कहा गया कि अस्मतें लुटीं, चली गोली, इसने आंख नहीं खोली। फिर गीत कहता हैं- लंबे इसके हाथ सही, ताकत इसके साथ सही। पर ये देख नहीं सकता, ये बिन देखे है लिखता। इस तरह फिल्म कानून को अंधा बताती है। स्थिति यह है कि आज भी न्यायालयों में यह चर्चा अमूमन होती है कि अदालत में पेश होने वाले अभियोजन या अभियोग पक्ष के रुतबे को देखकर न्याय प्रभावित हो जाता है। लेकिन उस समय की मूर्ति की मूल भावना कहां और कितनी प्रभावी रही है, यह सर्वविदित है। अब नयी संशोधित प्रतिमा का संदेश है कि देश में न्याय अंधा नहीं है, वह इस बात पर जोर देती है कि भारत में न्याय दूरदर्शिता और समानता के साथ काम करता है। जो संतुलन और निष्पक्षता का प्रतीक है-यह दर्शाता है कि न्यायालय किसी निर्णय पर पहुँचने से पहले सभी पक्षों से तथ्यों और तर्कों को तौलता है। इसका मतलब है कि कानून की नजर में सभी बराबर हैं, इसमे न पैसे वाले का महत्व, न रुतबा, ताकत और हैसियत को महत्व दिया जाता है।

न्याय की देवी, जिसे हम अक्सर अदालतों में देखते हैं, असल में यूनान की देवी हैं। उनका नाम जस्टिया है और उन्हीं के नाम से 'जस्टिस' शब्द आया है। उनकी आंखों पर बंधी पट्टी दिखाती है कि न्याय हमेशा निष्पक्ष होना चाहिए। 17वीं शताब्दी में एक अंग्रेज अफसर पहली बार इस मूर्ति को भारत लाए थे। यह अफसर एक न्यायालय अधिकारी थे। 18वीं शताब्दी में ब्रिटिश राज के दौरान न्याय की देवी की मूर्ति का सार्वजनिक रूप से इस्तेमाल होने लगा। भारत की आजादी के बाद भी हमने इस प्रतीक को अपनाया। यह बदलाव औपनिवेशिक शासन के अवशेषों को हटाने के अन्य प्रयासों को दर्शाता है, भारत गुलामी के सभी संकेतों से बाहर निकलना चाहता है। जैसे कि हाल ही में आपराधिक कानूनों में बदलाव, भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय संहिता को लागू करना है।

यहां नई मूर्ति के नए संकेतों का अर्थ गहराई से समझना भी जरूरी है। न्याय समाज में संतुलन का प्रतिनिधित्व करें, न्यायिक संचालन-प्रक्रिया सांविधानिक प्रावधानों के अनुरूप चले। सबको समान रूप से देखें। हम न्याय की देवी द्वारा इंगित मूल्यों में संजीदगी दिखाये। हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि आखिर भारतीय न्याय-व्यवस्था को लेकर आम धारणा इतनी कटु क्यों है? यह क्यों माना जाता है कि यहां न्याय देर से मिलता है, जबकि अदालतों में तारीखें अनवरत मिलती रहती हैं? जिस सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की वकालत की गई है, उसे वास्तविक अर्थो में साकार करने में हम अब तक क्यों विफल रहे हैं? जब तक इन सवालों के उचित जवाब हम नहीं खोज लेते हैं, तब तक न्याय की देवी के प्रतीक-चिह्नों की सार्थकता कठघरे में खड़ी की जाती रहेगी। असल में, प्रतीक-चिह्न एक पहचान के रूप में काम करते हैं। इन प्रतीक-चिह्नों से जो प्रतीकात्मक अर्थ निकल रहा है, वह हर हाल में साकार हो। भारतीय अदालतें इस मामले में उम्मीदों पर पूरी तरह खरी नहीं उतर सकी हैं। लिहाजा, इन संकेतों के सार्थक होने के लिए हमें कुछ अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। न्याय में देर करना अन्याय है। भारत की न्यायप्रणाली इस मायने में अन्यायपूर्ण कही जा सकती है, क्योंकि भारत की जेलों में 76 प्रतिशत कैदी ऐसे हैं, जिनका अपराध अभी तय नहीं हुआ है और वे दो दशक से अधिक समय से जेलों में नारकीय जीवन जीते हुए न्याय होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए न्यायप्रणाली की धीमी रफ्तार को गति देकर ही ऐसे विचाराधीन कैदियों के साथ न्याय देना संभव है और इसी से सशक्त भारत का निर्माण होगा और प्रतीकात्मक प्रतीक चिह्नों में बदलाव का कोई सार्थक उपयोग एवं असर होगा। भारत को अपनी सामाजिक, सांस्कृतिक परिस्थिति और अपने गौरवपूर्ण इतिहास बोध के अनुसार एक वैकल्पिक न्याय तंत्र भी स्थापित करना चाहिए, किंतु जब तक यह नहीं होता वर्तमान व्यवस्था में ही कुछ आवश्यक सुधार करके हमें इसे समसामयिक, तीक्ष्ण, समयबद्ध और उपयोगी बनाए रखना चाहिए। न्याय सिर्फ होना ही नहीं चाहिये बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिये। भारत की सम्पूर्ण न्याय व्यवस्था का भारतीयकरण होना चाहिए।

# महाराष्ट्रः क्या मराठा वोट में सेंधमारी कर जरांगे बिगाड़ेंगे धुरंधरों का खेल



डॉ. रमेश ठाकुर

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की सियासी तस्वीर दिलचस्प दिखाई देने लगी है। मराठा वोटों में इस बार नए-नवेले नेता मनोज जरांगे सेंधमारी का माहौल तैयार करने में जुटे हैं। जरांगे ने प्रदेश में महीनों से मराठा आरक्षण की मांग बुलंद की। इसलिए आरक्षण की चाह में बेरोजगार युवा उनसे लगातार जुड़ रहे हैं। हालांकि मनोज जरांगे की सियासी परीक्षा अभी बाकी है। अतीत में देखा गया है कि किसी मुद्दे पर मुहिम चलाकर भीड़ को अपने साथ जोड़ना और उस भीड़ को वोटों में बदलना, दोनों ही अलग बात है। किसी अलग मुद्दे पर मिला जन समर्थन वोटों में बदल जाए, ऐसा अक्सर होता नहीं। हालांकि शुरुआत में मनोज जबरदस्त दमखम दिखा रहे हैं। जिससे न सिर्फ महायुति से जुड़े लोगों बल्कि महाविकास अघाड़ी नेताओं की नींद हराम हो गई है। पूरी सियासी कहानी इस बार मराठा वोटों पर टिक गई है। जो यह तय करेगा कि किसकी नैया पार लगेगी और किसकी डूबेगी। इसका फैसला 23 नवंबर को होगा जब बहुमत की तस्वीर ईवीएम से बाहर निकलेगी।

महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव इसबार सभी दलों के लिए समान रूप से चुनौतीपूर्ण है क्योंकि बीते लोकसभा चुनाव से ही मराठा मतदाता विभाजित है। कभी शिवसेना का इसपर आधिपत्य था लेकिन अब शिवसेना दो भागों में बंट चुकी है। वहीं, राजनीति के माहिर शरद पवार की पार्टी एनसीपी से भी कभी मराठा मतदाता बहुतायत की संख्या में जुड़े होते थे, उनकी भी पार्टी में दो फाड़ हो गए। भतीजे अजीत पवार अपने साथ आधी एनसीपी को लेकर एनडीए का हिस्सा बन चुके हैं। हालांकि, लोकसभा चुनाव में शरद पवार से जुड़ा मराठा समुदाय उनके साथ ही बना रहा। उनके कोर वोटरों में अजीत पवार सेंध लगाने में असफल रहे थे। बात जब मराठों की हो और राज ठाकरे का जिक्र न हो तो बात अधूरी रह जाती है। इस बार राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने 2014 और 2019 के विधानसभा चुनाव में करीब ढाई से तीन फीसदी वोट पाया था। हालांकि सीटें प्रत्येक चुनाव में एक-एक ही जीती लेकिन मराठा वोट उन्होंने बेहिसाब काटा था। वोट काट कर तमाम विरोधियों को हराने का काम किया। माहौल इस बार बदला हुआ है, जिसे राज ठाकरे भी भांप चुके हैं। बीता लोकसभा चुनाव उन्होंने एनडीए के साथ मिलकर लड़ा था, जहां उन्हें कुछ भी हासिल नहीं हुआ। एनडीए का शीर्ष नेतृत्व भांव चुका है कि महायुति के लिए सबसे बड़ा कांटा मनोज जरांगे बन गए हैं। करीब 32 फीसदी मराठा आबादी और छिटपुट अन्य समुदायों को मिलाकर 55 प्रतिशत प्रदेश की आबादी मनोज के ईद-गिर्द घूम रही है। महायुति को अहसास है कि मनोज ही वो फैक्टर हैं कि जिसके चलते लोकसभा चुनाव में उतनी सफलता नहीं मिली, जितनी उम्मीद थी। इस बार मराठा वोट काटने के लिए मनोज जरांगे ने कोई पार्टी नहीं बनाई है। पर, निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपने समर्थकों में से करीब 150 उम्मीदवारों की लिस्ट तैयार की है। मनोज के समर्थक उन सीटों पर खासतौर पर ताल ठोकेंगे, जहां मराठा समुदाय की संख्या सर्वाधिक है। बाकी सीटों पर भी आजाद उम्मीदवार उतारने की तैयारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी पकड़ कितनी है, उसका अंदाजा उनकी रैलियों में आने वाली भीड़ के जोश से लगाया जा सकता है। जरांगे समूचे प्रदेश में घूम-घूम कर लोगों से भावुक अपील कर रहे हैं- जब तक आरक्षण नहीं मिलेगा, हमें अपनी लड़ाई जारी रखनी होगी।

देखना है कि यह जनसमर्थन उन्हें वोट के रूप में मिलेगा या उनकी स्थिति भी वही होगी जो हरियाणा विधानसभा चुनाव में किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी की हुई। जिन्होंने चुनावी अखाड़े में उतर कर अपनी जमानत तक जब्त करा ली।

# सुब्रमण्यम चंद्रशेखर : एक महान खगोलशास्त्री



कैलाश केशरी



सुब्रमण्यम चंद्रशेखर (1910-1995) भारतीय-अमेरिकी खगोलशास्त्री थे, जिन्होंने सितारों के जीवनचक्र और खगोलशास्त्र के महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहन अध्ययन किया। उन्हें विशेष रूप से "चंद्रशेखर सीमा" की खोज के लिए जाना जाता है, जो सितारों के जीवन के अंत में उनके संकुचन और सफेद बौनों के गठन को निर्धारित करती है।

सुब्रमण्यम चंद्रशेखर का जन्म 19 अक्टूबर, 1910 को ब्रिटिश भारत के लाहौर (अब पाकिस्तान) में हुआ था। वे प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक सी.वी. रमन के भतीजे थे, जिन्हें भौतिकी में नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था। चंद्रशेखर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मद्रास (अब चेन्नई) में पूरी की और 1930 में गणितीय भौतिकी में अध्ययन के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय (इंग्लैंड) गए।

1930 के दशक में, चंद्रशेखर ने सितारों के विकास के बारे में महत्वपूर्ण खोज की। उन्होंने पाया कि अगर किसी सफेद बौने तारे का द्रव्यमान एक विशेष सीमा (लगभग 1.4 सौर द्रव्यमान) से अधिक होता है, तो वह तारा एक सफेद बौना नहीं बन सकता है और इसके बजाय न्यूट्रॉन तारे या ब्लैक होल में परिवर्तित हो जाएगा। इस सीमा को "चंद्रशेखर सीमा" कहा जाता है।

उनकी इस खोज को शुरुआती समय में वैज्ञानिक समुदाय में व्यापक स्वीकृति नहीं मिली, लेकिन बाद में यह खगोलशास्त्र में एक प्रमुख सिद्धांत बन गया। चंद्रशेखर की यह खोज समझने में मदद करती है कि तारे अपने जीवन के अंत में किस प्रकार से विकसित होते हैं और उनका अंतिम स्वरूप क्या होता है।

चंद्रशेखर को 1983 में भौतिकी में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें खगोल भौतिकी के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया, विशेष रूप से सितारों की संरचना और विकास को समझने के लिए। अपने जीवन के बाद के वर्षों में, उन्होंने शिकागो विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में काम किया और खगोलशास्त्र के क्षेत्र में अपना योगदान जारी रखा। चंद्रशेखर की शोध में गहराई, उनकी वैज्ञानिक पद्धति, और उनके निरंतर समर्पण ने उन्हें खगोलशास्त्र के क्षेत्र में एक अद्वितीय स्थान दिया।

सुब्रमण्यम चंद्रशेखर ने न केवल सितारों की संरचना और उनके विकास के बारे में महत्वपूर्ण सिद्धांत प्रस्तुत किए, बल्कि उन्होंने ब्लैक होल, न्यूट्रॉन तारे और ग्रेविटेशनल रेडिएशन जैसे विषयों पर भी गहन शोध किया। उनकी खोजों ने खगोलशास्त्र के विकास में एक क्रांतिकारी बदलाव लाया और आज भी वैज्ञानिक उनकी खोजों पर अनुसंधान कर रहे हैं।

सुब्रमण्यम चंद्रशेखर न केवल भारत के गर्व का प्रतीक हैं, बल्कि उन्होंने खगोलशास्त्र के क्षेत्र में विश्वव्यापी योगदान दिया। उनकी "चंद्रशेखर सीमा" ने तारे और ब्रह्मांड के बारे में हमारी समझ को पूरी तरह से बदल दिया। उनका कार्य वैज्ञानिक शोध में प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा और उनका नाम खगोल विज्ञान में सदैव अमर रहेगा।

# रबी फसलों के एमएसपी की घोषणा, बाजार की ताकतों पर नियंत्रण जरूरी



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

बुवाई से पहले या बुवाई के समय फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा इस मायने में महत्वपूर्ण है कि किसानों को कौन-सी फसल लेना लाभकारी रहेगा, इस पर सोच-विचार का अवसर मिल जाता है। पिछले कुछ सालों से केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ हो या रबी लगभग इनकी बुवाई के समय ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी जाती है। यह सरकार की सकारात्मक पहल है। केन्द्र सरकार ने रबी सीजन की गेहूं, सरसों सहित छह प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। एमएसपी की घोषणा करते समय यह भी दावा किया गया है कि इन सभी छह फसलों के एमएसपी का निर्धारण लागत से अधिक किया गया है, जिससे किसानों के लिए ये फसलें लाभकारी सिद्ध हो सके।

दावों की मानें तो लागत की तुलना में सर्वाधिक 105 प्रतिशत अधिक एमएसपी गेहूं की घोषित की गई है, सबसे कम कुसुम की लागत से 50 प्रतिशत अधिक है तो चना और जौ की लागत से 60 फीसदी अधिक घोषित की गई है। सरसों की लागत से 98 फीसदी तो मसूर की 89 प्रतिशत अधिक राशि तय की गई है। निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि लागत की तुलना में सभी छह फसलों की एमएसपी दरों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई। एमएसपी की घोषणा करते समय सरकार ने लागत में खाद-बीज, कीटनाशक, सिंचाई पर व्यय के साथ मानव श्रम को भी शामिल किया है। ऐसे में लागत से अधिक राशि मिलना किसानों के लिए लाभकारी हो सकता है।

देश में 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। आज से लगभग 60 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी गठित की थी। गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था का एक विपरीत प्रभाव सामने आने पर कि किसान अन्य फसलों की जगह गेहूं की फसल पर ही केन्द्रित होने लगे तो ऐसी स्थिति में अन्य प्रमुख फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में लाया गया। कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में गेहूं, धान आदि 7 अनाज फसलें, 5 दलहनी, 7 तिलहनी, 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा की जाती है।



केन्द्र सरकार द्वारा प्रमुखतः राज्यों में सहकारी संस्थाओं के नेटवर्क के माध्यम से एमएसपी की खरीद की जाती है। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश में सहकारी संस्थाओं का विस्तृत और सीधे काश्तकारों की पहुंच का नेटवर्क है। अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और फिर खरीद के बाद ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था से पारदर्शिता आई है। पर सवाल अभी वही है कि जब तक बाजार में खासतौर से मण्डियों में एमएसपी फसलों के भाव घोषित एमएसपी दरों के समकक्ष नहीं आते तब तक खरीद जारी रहने से ही काश्तकारों को सही मायने में इस व्यवस्था का फायदा मिल सकता है। दुर्भाग्य की बात यह है कि पारदर्शी व्यवस्था में भी बिचौलियों ने सेंध लगा ली है और लाख प्रयासों के बावजूद छोटे किसानों को सब तो नहीं पर कुछ काश्तकारों को व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पाता। इसमें व्यवस्था का दोष इस मायने में है कि किसान को अपनी तात्कालिक व आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए साहूकार पर निर्भर रहना पड़ता है, ऐसे में काश्तकार अपनी फसल काश्तकार के नाम कर उससे अग्रिम राशि ले लेता है और बदले में काश्तकार के दस्तावेज से बिचौलिये लाभ उठा लेते हैं।

यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है। इसका प्रमुख कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण व्यवस्था का सुचारू संचालन और बाजार पर नियंत्रण रहा है। जहां तक अन्य फसलों का सवाल है, देश के अधिकांश प्रदेशों में खाद्यान्नों की खरीद एफसीआई द्वारा राज्यों के मार्केटिंग फेडरेशनों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं द्वारा व तिलहनों और दलहनों की खरीद नैफड द्वारा भी इसी व्यवस्था के तहत की जाती रही है। एक समय था जब न्यूनतम खरीद आरंभ होते ही मण्डी में भी भावों में तेजी आने लगती थी। पर अब ऐसा नहीं हो रहा है, इसके कारण क्या है, इस पर विचार करना चाहिए।

दरअसल, बिचौलियों ने एमएसपी खरीद व्यवस्था में सेंध लगा दी है। किसान से ही खरीद और ऑनलाइन व्यवस्था के बावजूद इस व्यवस्था का लाभ बिचौलिए अधिक उठाने लगे हैं। सवाल यह है कि केन्द्र व राज्य सरकारें एमएसपी व्यवस्था को फूलप्रूफ बनाना सुनिश्चित कर दे और सरकार द्वारा घोषित एमएसपी से मण्डियों में भाव नीचे जाते ही तत्काल खरीद आरंभ हो जाए तो निश्चित रूप से अन्नदाता को इस व्यवस्था का पूरा लाभ मिल सकता है। इसके साथ ही इस व्यवस्था में जिस तरह सेंध लगाई गई है, उसे रोकने के भी ठोस प्रयास किए जाने आवश्यक है। एक बार फिर बाजार व्यवस्था का भी अध्ययन करना होगा। क्यों खरीद बंद होने के कुछ समय बाद ही जिंसों के भाव बढ़ने लगते हैं। हाल ही में गेहूं के भावों में बढ़ोतरी और हर साल एक समय विशेष पर आलू, प्याज, टमाटर के भाव का बढ़ जाना यह बताता है कि कमोबेश बाजार की ताकतें अधिक शक्तिशाली हैं। इसलिए एक ओर जहां एमएसपी की खरीद व्यवस्था में सुधार व किसानों को ही वास्तविक लाभ मिले इसके प्रयास करने की आवश्यकता है, उसी तरह बाजार की ताकतों पर भी नजर रखना जरूरी हो जाता है। बाजार पर सरकार के नियंत्रण से ही सही मायने में एमएसपी व्यवस्था का लाभ मिल सकेगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश में जंगल राज कायम पुलिस अधिकारियों की हो रही लोकेशन ट्रेस : जूली

**चमकता राजस्थान। अलवर/जयपुर 18अक्टूबर।** विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पर्ची से बनी और पिछले 10 माह से सर्कस कर रही भजन मंडली सरकार पर सियासी वार करते हुए कहा कि राजस्थान में 'जंगलराज' का बोलबाला इस सरकार के कार्यकाल में पनपा है। जूली आज मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राज्य के मौजूदा हालात को लेकर भजनलाल सरकार पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए कहा कि प्रदेश में जंगलराज की स्थिति है बावजूद इसके प्रदेश के मुखिया विदेश दौरों पर व्यस्त हैं, उन्हें प्रदेशवासियों की कोई चिंता ही नहीं है।

उन्होंने कहा कि इस सरकार के राज में महिलाओं और बच्चियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म और दलित उत्पीड़न के मामले बढ़ रहे हैं इसके बावजूद प्रदेश के मुखिया और इनके मंत्री ऐसे मुद्दों पर एक शब्द भी बोलने को तैयार नहीं हैं बल्कि शिक्षा मंत्री महिला अध्यापिकाओं को लेकर ऐसे बयान दे रहे हैं जो की शर्मनाक है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में माफियाराज का बोलबाला है,भूमाफिया, बजरी माफिया और खनन माफिया बेखौफ है लेकिन सरकार के कानों पर जू तक नहीं रेंग रही है।

उन्होंने कहा कि पुलिस के मुखिया ही सुरक्षित नहीं है, भिवाड़ी पुलिस अधीक्षक की लोकेशन आखिर किसके इशारे पर ट्रेस हो रही है जब आम जनता को सुरक्षा प्रदान करने वाले ही सुरक्षित नहीं हैं तो फिर जनता कैसे महफूज रहने की उम्मीद कर सकती है।

जूली ने कहा कि बीते दिनों भिवाड़ी से आतंकवादी संगठनों के कुछ आतंकी पकड़े गए थे उस मामले पर भी सरकार कुछ भी बोलने से गुरेज कर रही है।उन्होंने कहा कि डबल इंजन की बात करने वाले भाजपाइयों का इंजन राजस्थान में धुआं फेंक रहा है।

जूली ने भजनलाल सरकार को चैलेंज करते कहा कि आप राज्य की सात सीटों पर होने वाले उपचुनाव में विकास और काम के नाम पर वोट मांग कर दिखाए तो जनता इन्हें माकूल जवाब देगी।

### 48वें दिन अलवर जिला कलेक्ट्रेट के सामने शिव मंदिर के पास धरना स्थल पर सत्याग्रह




**चमकता राजस्थान। अलवर।** अलवर जिला कलेक्टर के सामने शिव मंदिर के पास पर सत्याग्रह अनिश्चितकालीन असहयोग आंदोलन जारी रहा। जिसमें बड्स एक्ट कानून की अनुपालना नहीं करने के विरोध में और सभी कम्पनियों जैसे केबीसीएल इंडिया लिमिटेड मनवांचल ग्रुप आदर्श क्रेडिट सोसाइटी संजीवनी पल्स साई प्रसाद बाइक बोट हेलो टैक्सी साइंस सिटी फ्यूचर मेकर आदि और सोसायटियों फार्मो कारपोरेशन लिमिटेड के ठगी पीड़ित जमाकर्ताओं की केन्द्र सरकार द्वारा रजिस्ट्रेशन शुदा होने पर और केन्द्र सरकार में संसद द्वारा बड्स एक्ट कानून 2019 पास करने के बावजूद भी गरीब जनता को भुगतना नहीं किए जा रहा , कानून को केवल कागजों में ही समेट कर रख दिया। इसलिए भुगतान सुनिश्चित नहीं करते तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। राजेंद्र कुमार सेन जिला अध्यक्ष, गुलाबचंद सुरजीत सिंह, किशोरी लाल महेंद्र बेरवा, रामेश्वर मिश्रा, ललित कुमार, संजीव, मुन्ना खान आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## भरतपुर में पानी और रोजगार की जरूरत : रामकिशन

# समर्थन मूल्य पर बाजरा खरीदे सरकार

## खाद की किल्लत से किसान परेशान

- बाणगंगा नदी और गम्भीर को जोड़े सरकार
- पाँचना पानी का हो बँटबारा

चमकता राजस्थान

भरतपुर (राजवीर सिंह)। समाजवादी शताब्दी पुरुष के सम्मान से सम्मानित भरतपुर के पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने कहा कि सरकार ने बाजरे का जो समर्थन मूल्य घोषित किया हैं उस पर किसानों का बाजरा खरीदा जाना चाहिये जबकि आज जब किसानों को रबि की फसल बुबाई के लिये उर्वरक खाद डीएपी की जरूरत है खाद नहीं मिल रहा ब्लैक से खाद बेचा जा रहा है ' किसानों से मुंहमांगे दाम वसूले जा रहे है और उसके बाबजूद भी खाद सही नहीं मिल रहा जिसकी वजह से किसान परेशान है और बुबाई में विलम्ब हो रहा है । उन्होंने गत दिन पुराबाईखेड़ा में आयोजित सभा में बोलते हुए कहा कि सरकार को विदेश नीति की समीक्षा करनी चाहिये क्योंकि देश के अपने लगभग सभी पड़ौसी मुल्कों से सम्बंध अच्छे नहीं है ये हमारी विदेश नीति की विफलता है जबकि हमेशा पड़ौसियों से सम्बंध अच्छे रहने चाहिये ।



पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ने गुरुवार को एक दिवसीय दौरे में कहा कि रुपया कमजोर हो रहा हैं लोगों की क्रय शक्ति और प्रतिव्यक्ति आय कम हो रही और प्रतिव्यक्ति कर्जा भी बढ़ता जा रहा है ' आज भी लोग पैसे से खरीदकर पानी पीने को मजबूर है । उन्होंने कहा कि आज कल नेताओं के विदेशी दौरे बहुत हो रहे है ' बिदेशी पूंजी निवेश की भी जमकर चर्चाए हो रही है लेकिन लोकहित में पूंजी निवेश और उद्योगिकरण कितना हो रहा है वो जग जाहिर है भरतपुर में भी प्रदूषण रहित छोटे मोटे उद्योग धन्धे स्थापित होने चाहिये ताकी यहाँ नौजवानों को रोजगार मिल सके । उन्होंने कहा कि जो बड़े लोग बैंकों में लोगों के जमा धन को लेकर विदेश भाग गये है उनको पकड़कर रुपया बरामद होना चाहिये । आज गरीबों पर टैक्स और अमीरों को तरह तरह से टैक्सों में छूट दी जा रही है जिसका परिणाम है कि देश में खरबपतियों की संख्या बढ़ती जा रही है , बढ़ती बेरोजगारी चिन्ता का विषय है सरकारों को इन समस्याओं का निराकरण करना चाहिये । 50% स्नातक विद्यार्थी बेरोजगार घूम रहे है उन्हें भी रोजगार परक शिक्षा से जोड़ना चाहिये ।

किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि भरतपुर डीग सहित सम्पूर्ण पूर्वी राजस्थान में पानी का समुचित प्रबंध हो ये बड़ी जरूरत है । उन्होंने कहा कि औरव ला बैराज से लेकर यमुना पानी , इआरसीपी ' पाँचना के पानी का बँटबारा और बाणगंगा नदी को गम्भीर से जोड़ने के लिये संघर्ष जारी है ।

किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि हालांकी राज्य सरकार पानी के सवालों पर सहमत दिख रही है और पानी की समस्या का समाधान का भरोसा भी दिया जा रहा है लेकिन कार्य प्रारम्भ नहीं हो रहे है । सरकार को जल्द से जल्द पानी के मामलों को पूरा करना चाहिये । उन्होंने कहा जिले के सभी बाँधों , कैनालों नहरों की मरम्मत की जरूरत है नये बाँध भी बनाने चाहिये , बर्तन जर्जर होने की बजह से पानी को वर्षभर स्टोक नहीं रखा जाता और बो बेकार बहकर बाहर चला जाता हैं और बाढ़ आदी से भारी नुकसान उठाना पड़ता हैं।

उन्होंने कहा कि बाढ़ में डूबने से करीब 20 लोगों की मौते हुई है उनके परिवारजनों को दस दस लाख रुपये की आर्थिक मदद और प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को छोटी मोटी नौकरी सरकार को देनी चाहिये तथा बैंक में खुले जन धन योजना के खाते बीमा और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के अंतर्गत मिलने बाले आर्थिक लाभ भी परिजनों को मिलने चाहिये । दोनों नेताओं ने ग्राम श्रीनगर जाकर मृतकों के परिवारजनों से बातचीत की ।

सभा में किसानों ने भरोसा दिलाया कि सिंचाई पानी के मुद्दों को लेकर आन्दोलन में जब भी जरूरत पड़ेगी वो सभी मिलकर संघर्ष करेंगे । किसानों ने कहा कि पानी बगैर खेती बर्बाद हो रही है और पानी सभी की जरूरत हैं । ग्रामीणों ने इस अवसर पर पानी की समस्या को लेकर वर्ष 2007 से लगातार संघर्ष कर रहे पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन और किसान नेता इन्दल सिंह जाट का मिलकर स्वागत किया ।

सभा में सुभाष दीक्षित ' रामदयाल भ्राता ' रूप सिंह ' धमेन्द्र बाईखेड़ा ' चर्तुभुख सिंह ' प्रहलाद ' झन्डू मास्टर ' मदन लाल नदी का गाँव ' डाल चन्द ' छिद्दा राम नारौली ' उदयभान ग्राम सेवक ' हेमन्त सिंह ' कुमर सिंह फरसो ने संवोधित किया।

सभा की अध्यक्षता मोती सिंह ने की जबकि संचालन सुभाष दीक्षित ने किया ।

## ब्लॉक स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक का आयोजन

चमकता राजस्थान

**धौलपुर (रामदास तरुण)।** ब्लाॅक स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार काशिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई, आरपी सुरेश भारद्वाज ने बताया कि ब्लॉक निष्पादन समिति की बैठक में सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत छात्र, छात्राओं को मिलने वाली विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों के लिए आधार सीडिंग का कार्य बैंक में करवाने, आधार प्रमाणीकरण एवं जन आधार प्रमाणीकरण शत प्रतिशत करने को लेकर बैठक में उपस्थित समस्त प्रधानाचार्य से चर्चा की गई, तथा राजस्थान में बढ़ते शिक्षा के कदम कार्यक्रम के अंतर्गत सत प्रतिशत वर्क बुक का वितरण छात्रों को ऑनलाइन करने तथा जिन कक्षाओं एवं विषयों की वर्क बुक प्राप्त नहीं है, उन बच्चों के लिए शाला दर्पण से वर्कशीट डाउनलोड कर नियमित अभ्यास करने, विद्यालयों की इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधी सूचनाओं को अपडेट करने , यू डाइस पोर्टल पर स्टूडेंट प्रोग्रेशन का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, इसके साथ-साथ डिजिटल शिक्षा के अंतर्गत मिशन स्टार्ट को लेकर चर्चा की गई जिसके तहत विभिन्न कक्षा एवं विषयों की ऑनलाइन शिक्षण कार्य आईसीटी लैब द्वारा विद्यालयों में कराया जाता है उसका टाइम टेबल अनिवार्य रूप से प्रत्येक शुक्रवार को ऑनलाइन अपलोड करने के निर्देश भी समस्त प्रधानाचार्य को दिए गए।बैठक में जिला रैंकिंग से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर सत प्रतिशत कार्य करने को कहा गया। विद्यालय अवलोकन के दौरान विद्यालय में पाई जाने वाली कमियों के रूप में जारी होने वाली टिकटों का समय पर समाधान करने एवं क्लोज करने के बारे में समस्त पी ई ई ओ से कहा गया तथा वर्तमान में शिक्षा विभाग में चल रहे वीरगाथा प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश में वीरता से संबंधित व्यक्तियों पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित करने एवं मैराथन इनोवेशन में अधिक से अधिक बच्चों का पंजीकरण करने तथा राष्ट्रीय आविष्कार के तहत विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण करने को लेकर विद्यालयों से बच्चों के आवेदन भिजवाने सहित कर्मचारियों की विभिन्न प्रकार की सेवाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में आरपी घनश्याम दास मीणा , यू सी ई ई ओ हरिओम सिंह सिकरवार, प्रधानाचार्य एवं पी ई ई ओ विष्णु कुमार शर्मा, भगवानदास शर्मा, द्वारका प्रसाद मीणा, विष्णु कुमार मीणा, रामचरण लाल मीणा , रजनीश कुमार रावत , ओमवती मीना, श्वेता बंसल, सत्यवती भारद्वाज, राज कुमार उपाध्याय, रामनिवास मीणा सहित ब्लॉक के प्रधानाचार्य, संस्था प्रधान उपस्थित रहे।



## जिला परिषद द्वारा गठित निरीक्षण दल द्वारा किया गया नरेगा कार्यो का निरीक्षण



**चमकता राजस्थान। रघुनंदन पारीक :-श्रीनगर।** महात्मा गाँधी नरेगा योजना के आयुक्त ईजीएस के निर्देश पर तय अजमेर जिला परिषद सीईओ अभिषेक खन्ना ने जिला स्तर पर निरीक्षण दल का गठन किया है, निरीक्षण दल के द्वारा ग्राम पंचायत बिठूर ग्राम पंचायत के नरेगा कार्य-सीमेंट ब्लॉक सडको, प्रधानमंत्री आवास के प्रगतिरत कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल ने श्रमिक नियोजन,समूहवार भूगतान,कार्यो की गुणवत्ता सहित श्रमिक भुगतान सहित विभिन्न तय बिन्दुओं पर निरीक्षण किया, निरीक्षण दल में नन्दकिशोर कुमावत सहायक विकास अधिकारी, सत्यप्रकाश जानू कनिष्ठ अभियंता सहित सरपंच प्रतिनिधि शमीम काठात, स्थानीय पंचायत क०सहायक नरेन्द्र गुर्जर मौजूद रहे।

# गोदावरी बायोरिफाइनरीज लिमिटेड की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश बुधवार, 23 अक्टूबर, 2024 को खुलेगी

**गोदावरी बायोरिफाइनरीज लिमिटेड के 10 फेस वैल्यू वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर के लिए मूल्य बैंड 334 से 352 तय किया गया है (''इक्विटी शेयर'')**

**बोली/प्रस्ताव आरंभ तिथि बुधवार, 23 अक्टूबर, 2024 है और बोली/प्रस्ताव समापन तिथि शुक्रवार, 25 अक्टूबर, 2024 है। एंकर निवेशक बोली तिथि मंगलवार, 22 अक्टूबर, 2024 है**

## न्यूनतम 42 इक्विटी शेयरों के लिए तथा उसके बाद 42 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं

चमकता राजस्थान

जयपुर। गोदावरी बायोरिफाइनरीज लिमिटेड (जीबीएल या कंपनी), बुधवार, 23 अक्टूबर, 2024 (बोली / प्रस्ताव खोलने की तारीख) को इक्विटी शेयरों (प्रस्ताव) की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश खोलने का प्रस्ताव करती है।

इस ऑफर में 325 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम (''ताजा निर्गम'') और 6,526,983 इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिए ऑफर (''बिक्री के लिए ऑफर'', ताजा इश्यू के साथ, ''कुल ऑफर का आकार'') शामिल है।

ऑफर का प्राइस बैंड 334 से 352 रुपये प्रति इक्विटी शेयर (''प्राइस बैंड'') तय किया गया है। न्यूनतम 42 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 42 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियाँ लगाई जा सकती हैं (''बोली का आकार'').

कंपनी का इरादा शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधारों के पूर्ण या आंशिक रूप से पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान के लिए करना है, जिसकी अनुमानित राशि 240 करोड़ रुपये है और शुद्ध आय की शेष राशि का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों (सामूहिक रूप से, ''प्रस्ताव के उद्देश्य'') के लिए करना है।

बिक्री के लिए प्रस्ताव में सोमैया एजेंसीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 500,000 इक्विटी शेयर, समीर शांतिलाल सोमैया द्वारा 500,000 इक्विटी शेयर, लक्ष्मीवाड़ी माइन्स एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 200,000 इक्विटी शेयर, फिल्मीडिया कम्युनिकेशन सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 300,000 इक्विटी शेयर, सोमैया प्रॉपर्टीज इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 100,000 इक्विटी शेयर और मंडला कैपिटल एजी लिमिटेड द्वारा 4,926,983 इक्विटी शेयर शामिल हैं।

यह प्रस्ताव प्रतिभूति संविदा (विनियमन) नियम, 1957 के नियम 19(2)(बी), संशोधित (₹एससीआरआर₹), सेबी आईसीडीआर विनियमनों के विनियमन 31 के अनुसार है। यह ऑफर सेबी आईसीडीआर विनियमन के विनियमन 6(1) के अनुसार बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें ऑफर का 50% से अधिक हिस्सा आनुपातिक आधार पर योग्य संस्थागत खरीदारों (₹क्यूआईबीर₹) (₹क्यूआईबी हिस्सार₹) को आवंटित करने के लिए उपलब्ध नहीं होगा। बशर्ते कि हमारी कंपनी बीआरएलएम के परामर्श से, सेबी आईसीडीआर विनियमन (₹एंकर निवेशक हिस्सार₹) के अनुसार विवेकाधीन आधार पर क्यूआईबी हिस्से का 60% तक एंकर निवेशकों को आवंटित कर सकती है, जिसमें से एक तिहाई घरेलू म्यूचुअल फंड के लिए आरक्षित होगा। बशर्ते कि एंकर निवेशकों को आवंटित मूल्य (₹एंकर निवेशक आवंटन मूल्यर₹) पर या उससे अधिक पर घरेलू म्यूचुअल फंड से वैध बोलियां प्राप्त हों। एंकर निवेशक हिस्से में कम-सब्सक्रिप्शन या गैर-आवंटन की स्थिति में, शेष इक्विटी शेयरों को क्यूआईबी हिस्से (एंकर निवेशक हिस्से के अलावा) (नेट क्यूआईबी हिस्सा) में जोड़ा जाएगा।

इसके अलावा, नेट क्यूआईबी हिस्से का 5% आनुपातिक आधार पर केवल म्यूचुअल फंड को आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि ऑफर मूल्य पर या इससे ऊपर वैध बोलियां प्राप्त हों, और नेट क्यूआईबी हिस्से का शेष हिस्सा आनुपातिक आधार पर म्यूचुअल फंड सहित सभी क्यूआईबी को आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि ऑफर मूल्य पर या इससे ऊपर वैध बोलियां प्राप्त हों।

हालांकि, यदि म्यूचुअल फंडों से कुल मांग नेट क्यूआईबी हिस्से के 5% से कम है, तो म्यूचुअल फंड हिस्से में आवंटन के लिए उपलब्ध शेष इक्विटी शेयरों को सभी क्यूआईबी को आनुपातिक आवंटन के लिए शेष नेट क्यूआईबी हिस्से में जोड़ा जाएगा। इसके अलावा, प्रस्ताव का कम से कम 15% गैर-संस्थागत निवेशकों (₹गैर-संस्थागत हिस्सार₹) को आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, जिसमें से गैर-संस्थागत हिस्से का एक तिहाई हिस्सा 0.20 मिलियन से अधिक और 1.00 मिलियन तक के आवेदन आकार वाले बोलीदाताओं को आवंटन के लिए उपलब्ध होगा। गैर-संस्थागत हिस्से का दो तिहाई हिस्सा 1.00 मिलियन से अधिक के आवेदन आकार वाले बोलीदाताओं को आवंटन के लिए उपलब्ध होगा और गैर-संस्थागत हिस्से की इन दो उप-श्रेणियों में से किसी में कम अभिदान को सेबी आईसीडीआर विनियमों के अनुसार गैर-संस्थागत हिस्से की अन्य उप-श्रेणी में बोलीदाताओं को आवंटित किया जा सकता है, बशर्ते कि वैध बोलियां प्रस्ताव मूल्य पर या इससे ऊपर प्राप्त हों।

इसके अलावा, सेबी आईसीडीआर विनियमनों के अनुसार, ऑफर का कम से कम 35% हिस्सा खुदरा व्यक्तिगत हिस्से (₹खुदरा हिस्सार₹) को आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि ऑफर मूल्य पर या इससे ऊपर उनसे वैध बोलियां प्राप्त हों। सभी बोलीदाताओं (एंकर निवेशकों को छोड़कर) को अनिवार्य रूप से केवल एप्लीकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट (₹एएसबीए₹) प्रक्रिया के माध्यम से इस ऑफर में भाग लेना होगा और यूपीआई बोलीदाताओं (इसके बाद परिभाषित) के मामले में अपने संबंधित बैंक खाते (यूपीआई आईडी (इसके बाद परिभाषित) सहित) का विवरण प्रदान करना होगा, जिसमें बोली राशि एससीएसबी द्वारा या प्रायोजक बैंकों द्वारा यूपीआई तंत्र के तहत अवरुद्ध कर दी जाएगी, जैसा भी मामला हो। एंकर निवेशकों को अरइअ प्रक्रिया के माध्यम से एंकर निवेशक भाग में भाग लेने की अनुमति नहीं है। विस्तृत जानकारी के लिए, रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (''आरएचपी'') के पृष्ठ 412 पर ''ऑफ़र प्रक्रिया'' देखें।

इक्विरस कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड इस ऑफर के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

# आदिवासी भाइयों और बहनों के जल, जंगल, ज़मीन की रक्षा कांग्रेस करेगी हर कीमत पर : राहुल गांधी

## भाजपा अपने मित्रों के स्वार्थ की खातिर पर्यावरण को पहुंचा रहे हैं भयावह हानि : राहुल गांधी

### आदिवासियों पर अत्याचार करना भाजपा की नीति बन गई है : प्रियंका गांधी



सरगुजा/एजेंसी

छत्तीसगढ़ में हसदेव अरण्य का मुद्दा एक बार फिर गर्मा रहा है. परसा कोल खदान में पेड़ कटाई का विरोध कर रहे ग्रामीणों और पुलिस के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद इस मामले में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी कूद पड़ी है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने साय सरकार पर आदिवासियों के अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाया। हसदेव अरण्य में उदयपुर क्षेत्र के ग्राम साल्ही सहित आस-पास के अन्य इलाकों में सैकड़ों पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में पेड़ों की कटाई की जा रही थी। जिसका विरोध वहां के ग्रामीण करने लगे। इस दौरान आदिवासी ग्रामीणों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों से ग्रामीण, पुलिस अधिकारी, कर्मचारी घायल हो गए।

### राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा

» हसदेव अरण्य में पुलिस बल के हिंसक प्रयोग से आदिवासियों के जंगल और ज़मीन के जबरन गबन का प्रयास आदिवासियों के मौलिक अधिकार का हनन है।छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार के दौरान विधानसभा में सर्वसम्मति से हसदेव के जंगल को न काटने का प्रस्ताव पारित हुआ था – 'सर्वसम्मति' मतलब विपक्ष यानी तत्कालीन भाजपा की भी सम्मिलित सहमति! मगर, सरकार में आते ही न तो उन्हें यह प्रस्ताव याद रहा और न हसदेव के इन मूल निवासियों की पीड़ा और अधिकार। 'बहुजन विरोधी भाजपा' अपने और अपने मित्रों के स्वार्थ की खातिर आम नागरिकों और पर्यावरण को भयावह हानि पहुंचाने को तैयार है। आज देश भर के भाजपा शासित राज्यों में ऐसे ही हथकंडों और षड़यंत्रों से आदिवासी अधिकारों पर लगातार आक्रमण किए जा रहे हैं।

### प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा

पूरे देश में आदिवासियों पर अत्याचार करना भाजपा की नीति बन गई है। जो आदिवासी सदियों से जंगलों के मालिक हैं, उन्हें बेदखल किया जा रहा है ताकि अडानी जी की खदानें चल सकें। क्या छत्तीसगढ़ में संविधान की पांचवी अनुसूची के क्षेत्र समाप्त कर दिये गये हैं? इसके तहत संरक्षित क्षेत्र से आदिवासियों को बेदखल किया जा रहा है। क्या आदिवादियों के जल, जंगल और जमीन के अधिकार और पुरखों की विरासत का फैसला फर्जी प्रक्रियाओं के जरिये होगा? कांग्रेस की सरकार ने विधानसभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया था कि हसदेव अरण्य क्षेत्र में पेड़ नहीं काटे जाएंगे। भाजपा ने भी प्रस्ताव का समर्थन किया था, लेकिन आज आदिवासियों के विरोध के बावजूद जंगल खाली करने को कहा जा रहा है और विरोध करने पर आदिवासी भाई-बहनों पर अत्याचार किया जा रहा है।






Celebrity On X

**Diya Kumari** @KumariDiya · 10h

यूके प्रवास के दौरान, लंदन स्थित पार्लियामेंट हाउस के समक्ष सत्य, अहिंसा और त्याग के प्रतीक महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।



**Bhajanlal Sharma** @Bhajanla... · 9h

'आपणो अग्रणी राजस्थान'- हमारा संकल्प, हमारा ध्येय

आगामी 'Rising Rajasthan' ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट 2024 के अंतर्गत आज लंदन में आयोजित Rising Rajasthan Tourism Meet में सहभागिता करते हुए उपस्थित गणमान्य जनों को संबोधित किया।

इस अवसर पर राजस्थान में पर्यटन की असीम संभावनाओं, Show more




**Bhajanlal Sharma** @Bhajanl... · 11h

आज यूनाइटेड किंगडम प्रवास के दौरान लंदन स्थित Imperial Innovation Hub-Scale Space का व्यापक अवलोकन किया।

इस सुअवसर पर यहां के नवाचार, पारिस्थितिकी तंत्र, स्टार्टअप संस्कृति, तकनीकी प्रगति एवं उद्यमशीलता के विभिन्न आयामों का अध्ययन किया।

हमारी सरकार भी राजस्थान में इसी प्रकार के Show more




# दिया कुमारी ने लंदन में प्रवासी राजस्थानी समुदाय से किया संवाद किया

चमकता राजस्थान

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने लंदन में आयोजित यूके इन्वेस्टर मीट के दौरान, माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व में प्रवासी राजस्थानी समुदाय से संवाद किया गया।

उन्होंने कहा कि यूके के प्रवासी समुदाय की उद्यमिता राजस्थान में व्यापार को प्रोत्साहित कर नए रोजगार के अवसर पैदा कर सकती है और राज्य में नवाचार को बढ़ावा दे सकती है।

दिया कुमारी ने कहा कि हमारी सरकार 'विकसित राजस्थान 2047' के लक्ष्य को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। '#फ्र२ल्लॅफ्र२३ँल्ल' के तहत, मैने प्रवासी राजस्थानी समुदाय से अनुरोध किया कि वे हमारे राज्य में व्यापारिक अवसरों का अन्वेषण करें और नवाचार तथा निवेश के माध्यम से विकसित राजस्थान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ।



» दिया कुमारी ने लंदन में प्रवासी राजस्थानी समुदाय से किया संवाद किया

## एनडीए ने किया सीट शेयरिंग की घोषणा

# झारखंड में बीजेपी 68, आजसू-10, जेडीयू-2 और लोजपा पार्टी 1 सीट पर लड़ेगी चुनाव




रांची/एजेंसी

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए के बीच सीट शेयरिंग की घोषणा कर दी है। रांची के प्रदेश बीजेपी कार्यालय में शुक्रवार को बीजेपी और आजसू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सीट शेयरिंग का ऐलान किया है। झारखंड में एनडीए के अंदर बीजेपी- 68, आजसू-10, जेडीयू-2 और लोजपा (रामविलास) पार्टी 1 सीट पर चुनाव लड़ेगी। चुनाव के लिए बीजेपी ने अपने सहयोगी दलों के साथ सीटों का बंटवारा तय कर लिया है। बीजेपी के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने रांची में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी है। मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री और झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा, राज्य में बीजेपी, आजसू, जेडीयू और लोजपा रामविलास साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। चुनाव प्रचार भी हम साथ में करेंगे।इस दौरान असम के सीएम हेमंत बिस्वा शर्मा, झारखंड बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो भी मौजूद थे।



## संक्षिप्त खबरें

### दरभंगा में 18 से 19 नम्बर को क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम

**पटना।** केंद्र सरकार ने ऋण लेने के इच्छुक लोगों को ऑन द स्पॉट ऋण वितरण के लिए क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम की शुरूआत की है। इस कड़ी में अगला क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम बिहार के दरभंगा में 18 और 19 नवम्बर को आयोजित किया जा रहा है। दरभंगा के कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मौजूद रहेंगी। इस कार्यक्रम में एक हजार करोड़ से अधिक ऋण वितरण का लक्ष्य है। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव एम नागराजू ने राज्य सरकार को पत्र लिख कर इसमें मदद करने के लिए आग्रह किया है। इसके तहत राज्य सरकार के उन विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए कहा है जिनकी सहायता से ऋण वितरण किया जा सके। केंद्र से पत्र मिलने के बाद वित्त विभाग के साथ-साथ अन्य विभाग भी इस कार्यक्रम की तैयारियों में में जुट गए हैं। इससे पहले 05 मार्च को छपरा में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के जरिये 1349.52 करोड़ रुपये ऋण के रूप में 61 हजार 787 लाभार्थियों में वितरित किये गये थे। इसमें केंद्र सरकार की 09 योजनाएं, जिसमें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, स्टैंडअप इंडिया, एग्रिकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर के अलावा पीएम स्वनिधि, जीविका जैसी योजनाओं के लाभार्थी भी शामिल थे।

### युवक की गोली मारकर हत्या

**नवादा।** नवादा जिले के काशीचक थाना क्षेत्र के बौरी गांव में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई । सुबह हुई हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है। हत्या के बाद मामला की जांच पुलिस कर रही है। युवक 24 वर्षीय रोशन कुमार है। वह बाजार से घर लौट रहा था इसी दौरान तीन बदमाशों ने गोली मारी है। जहां घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई है। वहीं मृतक के भाई राहुल कुमार ने आरोप लगाया है कि 5 महीना पूर्व हम प्रेम विवाह किए थे। तब से लड़की के परिवार के लोग नाराज थे और उसके भाई ने जान मारने की धमकी भी दिया था। इस मामला की जानकारी काशीचक के थाना में दी गयी थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई थी, जिस कारण ही उसके भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई है।

मामला की जानकारी मिलते ही पकरीबरावां डीएसपी महेश चौधरी ने कहा कि सूचना प्राप्त होते ही काशीचक थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामला की जांच शुरू की। जहां यह जानकारी हुआ है कि अपने गांव मार्ग बाजार करके लौट रहे थे तभी बीच रास्ते में गांव की माधव कुमार हुआ दो अन्य लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी हैं। घटना के बाद फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। गोली मारने वाले आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। बहुत जल्द घटना के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### आंगनबाड़ी सहायिका हत्या कांड में शामिल तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** पुलिस ने आंगनबाड़ी सहायिका हत्याकांड में शामिल तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तो में संग्रामपुर थाना क्षेत्र जितेन्द्र कुमार उर्फ जोखूलाल,केसरिया थाना क्षेत्र के मुस्लिम आलम व कल्याणपुर थाना क्षेत्र के विकास कुमार शामिल है। उल्लेखनीय है,कि बीते 4 अक्टूबर को संग्रामपुर थाना क्षेत्र के नरूलहाँ भटवलिया गांव में आंगनवाड़ी सहायिका सीमा देवी की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस संदर्भ में छः नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध काड दर्ज कराया गया।कांड के उद्भेदन के लिए एसपी के निर्देश पर अरेराज डीएसपी के नेतृत्व एसआईटी का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर घटना में इन तीनो अभियुक्तों की संलिप्ता पाते हुए गिरफ्तार किया है। डीएसपी ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में स्पष्ट हुआ है कि मृतका के करोड़ो रुपए के जमीन को इन अभियुक्तों ने अपने नाम करा लिया था,जिसका भूगतान नहीं करना चाहते थे। इसी कारण अभियुक्त ने आंगनवाड़ी सहायिका की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।छापामारी दल में डीएसपी अरेराज रंजन कुमार,संग्रामपुर थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह,एसआई अलका कुमारी,व सशस्त्र बल शामिल थे।

### 25 मवेशियों से भरा लॉरी जब्त, चालक गिरफ्तार

**कोलकाता।** सिलीगुड़ी में पशु तस्करी के लिए ले जाए जा रहे मवेशियों से भरी लॉरी को पुलिस ने जब्त कर लिया। लारी से 25 मवेशी बरामद किए गए जो बिहार से बांग्लादेश में तस्करी के लिए ले जाए जा रहे थे। पुलिस ने लॉरी चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित का नाम मोहम्मद खबीन हुसैन है। वह उत्तर दिनाजपुर का रहने वाला है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार तड़के विधानगर चौकी की पुलिस ने फांसीदेवा के मुरलीगंज में नाका तलाशी के दौरान एक लॉरी को रोकने का प्रयास किया गया। इस दौरान चालक तेज रफ्तार से लॉरी को भगाने की कोशिश की। बाद में पुलिस ने लॉरी का पीछा कर उसे रोक लिया। जब पुलिस टीम ने लॉरी की तलाशी ली तो उससे 25 मवेशी बरामद हुआ। जिसके बाद चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। चालक ने पूछताछ में बताया कि वे मवेशियों को बिहार से बांग्लादेश ले जा रहा था। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# हिंदुओं के अस्तित्व को बचाने के लिए निकाली गई है यात्रा : गिरिराज सिंह



एजेंसी

**भागलपुर।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भागलपुर से हिंदू स्वाभिमान यात्रा की शुरूआत कर दी है। सबसे पहले गिरिराज सिंह आज बूढ़ानाथ मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर वहां से यात्रा की शुरूआत की। इसके बाद गिरिराज सिंह जिला स्कूल स्थित सभा स्थल पहुंचे जहां उनका स्वागत बीजेपी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार साह, कहलगांव के विधायक पवन यादव सहित कार्यकताओं ने त्रिशूल भेंट कर किया। इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं कलश सर पर रखकर सभा स्थल पर पहुंची और हिंदू एकता को लेकर जमकर नारेबाजी की गई। सभा को संबोधित करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव ने अपना दौरा इसीलिए रद्द किया ताकि हिंदू स्वाभिमान यात्रा में लोग शामिल हो सकें। उन्होंने कहा कि हिंदू स्वाभिमान यात्रा में राजद हिंदू, भारतीय जनता पार्टी के हिंदू, कम्युनिस्ट पार्टी के हिंदू, जदयू के हिन्दू और लोजपा के हिंदू शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हिंदुओं के अस्तित्व को बचाने की यात्रा है। इसके साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर भी उन्होंने निशान साधा। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने बंटवारे के समय कहा था कि मुसलमान को पाकिस्तान भेज दिया जाए और हिंदुओं को पाकिस्तान से वापस यहां बुला लिया जाए लेकिन पंडित जवाहरलाल नेहरू ने ऐसा नहीं करने दिया। जिसको लेकर बाबा साहब ने कहा था कि देश में कभी समरसता नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि हिन्दू किस देश में है। पाकिस्तान में ही नहीं रहे हमारे भाई बट के बांग्लादेश भी गए। वहां भी नहीं बचे। मैं आपसे प्रार्थना करने आया हूं हमारे मंदिर टूट गई, हमारी बेटियां लुट गई, अब हम 70% पर आ गए हैं। जहां तीन मस्जिद थी अब 20 लाख हो गई है। क्या दुर्गा पूजा के आयोजन के लिए परमिशन लेना पड़ेगा, रूट जानना पड़ेगा, क्या इसी के लिए देश का बंटवारा हुआ था। या फिर यह सोची समझी साजिश है। जब बांग्लादेश में मंदिरों को तोड़ दिया जाता है तब किसी का नींद नहीं खुलती है।

## एसपी ने शराब माफियाओ के खिलाफ शुरू किया विशेष अभियान



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** एसपी प्रभात ने जिले में शराब माफियाओं के विरूद्ध विशेष अभियान शुरू किया है। इसको लेकरउन्होने सभी थानाध्यक्षों, सर्किल इंस्पेक्टर व डीएसपी को सख्त निर्देश दिया है। जिसमे उन्होने कहा है,कि सभी अपने-अपने क्षेत्र के टॉप 10 शराब माफियाओं की सूची तैयार करें।इसके साथ ही इसमे उन फरार शराब माफियाओं, जमानत पर छूटे सक्रिय और निष्क्रिय माफियाओं के साथ-साथ उनके पुराने मामलों के विवरण को भी शामिल करे। उन्होने कहा है,कि शराब माफियाओं के नेटवर्क को पूरी तरह से तोड़ना जरूरी है,ताकि शराबबंदी को सफल बनाया जा सके। कि इस अभियान में पूरी गंभीरता के साथ जुट जाये।वैसे शराब माफिया जो जमानत पर छूटे है,वो फिर सक्रिय है,उन्हे दोबारा जेल भेजे।साथ ही निष्क्रिय माफियाओं को 2 से 5 लाख का बांड डाउन कराये और उनकी गतिविधियो पर कड़ी नजर रखे। उल्लेखनीय है,कि एसपी ने इस अभियान के तहत जिले के सभी 396 पंचायतों के शराब माफियाओं की सूची तैयार करने को कहा है।उन्होने इस कार्य में सभी पुलिस अधिकारियो को गंभीरता से जुटने को कहा है,साथ चेतावनी भी दिया अगर सूची तैयार करने में लापरवाही बरती गयी तो उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस से समझौते पर माकपा में मंथन जारी



एजेंसी

**कोलकाता ।** राज्य की छह विधानसभा सीटों के उपचुनावों की तैयारी जोरों पर है। इस इस बीच मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी में कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर मंथन जारी है। चुनाव में कांग्रेस के साथ पार्टी का गठबंधन होगा या नहीं, इसे लेकर आज शुक्रवार को फैसला होने की उम्मीद है। माकपा के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम फिलहाल इंग्लैंड में हैं, इसलिए उपचुनावों के मद्देनजर पार्टी नेतृत्व ने गुरुवार देर रात तक वर्चुअल बैठक के जरिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया है। बैठक में तय हुआ है कि छह विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी पार्टी की सचिव मंडली के छह सदस्यों को सौंपी जाएगी। कूचबिहार की सिताइ विधानसभा सीट के लिए जीवेश सरकार, अलीपुरद्वार के मदारीहाट के लिए जी. आलम, उत्तर 24 परगना के नैहाटी के लिए श्रीदीप भट्टाचार्य, हड़ोआ के लिए पलाश दास, मेदिनीपुर के लिए सुजन चक्रवर्ती, और बांकुरा के तालडंगरा के लिए अमिय पात्र को चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई है। 2021 के विधानसभा चुनावों में इन छह सीटों में से सिताई में कांग्रेस, मदारीहाट में आरएसपी और हड़ोआ में आईएसएफ ने चुनाव लड़ा था। इस बार के उपचुनावों के लिए समीकरण बदल चुके हैं। फुरफुरा शरीफ के साथ माकपा की दूरी का मुद्दा और कांग्रेस में अधीर चौधरी की जगह शुभंकर सरकार के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। इस राजनीतिक परिदृश्य में, माकपा को यह तय करना है कि वह गठबंधन करेगी या नहीं। वाम मोर्चे की घटक फॉरवर्ड ब्लॉक ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वह सिताई से चुनाव लड़ेगी, जबकि कांग्रेस ने अभी तक उपचुनावों पर कोई बयान नहीं दिया है। शुक्रवार को शाम 5.30 बजे माकपा के चेयरमैन विमान बसु ने राज्य वाम मोर्चा की बैठक बुलाई है। माकपा के सचिव मोहम्मद सलीम की गैरमौजूदगी में लोकसभा चुनावों में कांग्रेस या अन्य दलों के साथ समन्वय का कार्य कौन करेगा, यह एक अहम सवाल है। इसके अलावा, पार्टी ने माकपा (माले) लिबरेशन के साथ भी बातचीत करने का इरादा जताया है ताकि एक बड़ा वामपंथी गठबंधन बनाया जा सके, भले ही कांग्रेस के साथ समझौता न हो। अब देखने की बात यह होगी कि माकपा और वाम मोर्चा इस उपचुनाव में किस रणनीति के साथ आगे बढ़ेंगे।

## जूनियर डॉक्टरों की भूख हड़ताल का 14वां दिन, अनिश्चितता बरकरार



एजेंसी

**कोलकाता ।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ हुई बर्बर बलात्कार और हत्या के विरोध में जूनियर डॉक्टरों द्वारा शुरू की गई भूख हड़ताल शुक्रवार को 14वें दिन में प्रवेश कर चुकी है। हर गुजरते दिन के साथ आम जनता और अन्य पेशेवर क्षेत्रों के प्रतिनिधि इन विरोध कर रहे डॉक्टरों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए आगे आ रहे हैं। शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दो प्रसिद्ध सांस्कृतिक और साहित्यिक संगठनों के सदस्यों ने भी जूनियर डॉक्टरों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए 12 घंटे की प्रतीकात्मक भूख हड़ताल का आयोजन किया। इनमें से एक सांस्कृतिक समूह ने विरोध स्थल एस्प्लेनेड, मध्य कोलकाता में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित करने का निर्णय लिया है।

पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के एक प्रतिनिधि ने कहा, ३हमारी ताकत लोगों का स्वतःस्फूर्त और अटूट समर्थन है। हमने अपने आंदोलन को इस समर्थन के बल पर ही आगे बढ़ाया है और अपनी मांगों के लिए आवाज उठाई है। इसी बीच, पश्चिम बंगाल सरकार ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी करेंगी। इस बैठक में राज्य के विभिन्न सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी, जो सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार किया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों के प्रमुखों को इस बैठक में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। जो लोग शारीरिक रूप से बैठक में शामिल नहीं हो सकेंगे, उन्हें वर्चुअल रूप से जुड़ने को कहा गया है। इस भूख हड़ताल में अब तक आठ जूनियर डॉक्टर शामिल हैं, जिनमें से सात एस्प्लेनेड, मध्य कोलकाता में और एक उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग में हड़ताल कर रहा है। अब तक छह डॉक्टरों को शारिरिक स्थिति बिगड़ने पर, अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से पहले अस्पताल में भर्ती होने वाले डॉक्टर अनिकेत महतो, जिन्हें गुरुवार दोपहर को अस्पताल से छुट्टी मिली, को कुछ समय तक सख्त चिकित्सा और आहार संबंधी निदेर्शों का पालन करने की सलाह दी गई है। उन्हें फिर से भूख हड़ताल में शामिल न होने की सलाह दी गई है।

## मोतिहारी पुलिस ने किया जहरीली शराब फैक्ट्री का उद्भेदन



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** एसपी स्वर्ण प्रभात ने सिवान व छपरा में हुए जहरीली शराब कांड के बाद जिले के सभी थानाध्यक्ष को शराब कारोबारियो के विरूद्ध विशेष अभियान चलाने का सख्त निर्देश दिया है। जिसके बाद रघुनाथपुर थाना पुलिस ने मोतिहारी शहर से सटे मंजूराहा गांव में छापेमारी कर शराब बनाने वाली फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। साथ ही शराब निर्माण करने वाले संचालक मनोज कुमार राय सहित एक अन्य कारोबारी विनय राम को पकड़ा है। इस दौरान पुलिस ने शराब कारोबारी मनोज राय के घर में बनाए तहखाना से देशी शराब बनाने का उपकरण, करीब 100 लीटर कच्चा स्प्रिट, 85 पीस देशी शराब, शराब पैक करने वाली मशीन, रैपर, शराब का 14 खाली डब्बा सहित अन्य सामान बरामद किया है। वहीं कारोबारी विनय राम के घर से भी बड़े पैमाने पर शराब बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान मनोज राय ने पुलिस को बताते हुए खुलासा किया कि वह कच्चा स्प्रिट बाहर मांगकर शराब निर्माण कर इलाके में सप्लाई करने का काम करता था। रघुनाथपुर थानाध्यक्ष विकास कुमार पासवान ने बताया कि पकड़े गए कारोबारी बड़े पैमाने पर जहरीली शराब बनाने का काम कर रहा था।पुलिस इसके लिंकेज को खंगाल रही है। पूछताछ के बाद दोनो के विरूद्ध मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि जिले के सभी डीएसपी व थानाध्यक्ष को पंचायत वार शराब माफियाओ की सूची बना कर उनकी गतिविधियो पर नजर रखने को कहा गया है।

## राज्यपाल ने चन्द्रगुप्त साहित्य महोत्सव का किया उद्घाटन

**पटना।** राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा में आयोजित ह्यचन्द्रगुप्त साहित्य महोत्सवह्न का उद्घाटन किया। तीन दिवसीय चंद्रगुप्त साहित्य महोत्सव के अवसर पर उनका मिथिला के परंपरा के अनुसार स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के महोत्सव में भविष्य में हमारी विचारधारा, चिंतन एवं विमर्श की दिशा के संबंध में विचार किया जाना चाहिए। अच्छे नाटकों, कविताओं व कथा-कथन तथा अच्छी फिल्मों की पटकथाओं आदि को साहित्य का अंग बनना चाहिए। साहित्य सम्मेलनों में भारत के विभिन्न क्षेत्रों एवं भाषाओं के साहित्य पर भी चिंतन व चर्चा होनी चाहिए। इससे भारतीय भाषाओं का अभिरूचि सम्पन्न अभिजात स्वरूप सामने आयेगा।

## पूर्वी चंपारण जिले के 42 विद्यालय पीएम श्री योजना में हुए चयनित

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के 42 विद्यालय पीएम श्री योजना के तहत चयनित किये गये है। इन विद्यालयों का चयन दो चरणो में किया गया। जिसमे प्रथम चरण में 27 व द्वितीय चरण में 15 विद्यालय चयनित किए गए है। उक्त जानकारी देते डीपीओ एसएसए हेमचन्द्र ने बताया कि इन चयनित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक कर विद्यालय के सवार्गीण विकास को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिये गये है,ताकि प्रधानाध्यापक इन विद्यालयो में आवश्यक विकास की योजना बनाकर इसे सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस कर बेहतर बनाया जा सके। डीपीओ ने बताया कि प्रधानाध्यापकों को एसक्यूएएफ प्रतिवेदन के साथ पीएम श्री योजना के तहत खाता विवरणी कार्यालय को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है। पीएम श्री योजना के तहत जिन विद्यालयों का चयन किया गया है उसमे यूएमएस लतिआही आदापुर,यूएचएस रढिया अरेराज,यूएमएस बंजरिया ,यूएचएस इनरवा फुलवार बनकटवा,यूएमएस बैसाहा चकिया,यूएचएस पीपरा पूर्वी छौड़ादानो,यूएमएस बेलही कन्या चिरैया,यूएचएस चंदनबारा उर्दू ढाका, यूएचएस घोड़ासहन बालक, यूएचएस घिउवाढ़ार, हरसिद्धि, यूएचएस रघुनाथपुर कल्याणपुर, यूएचएस हुसैनी केसरिया, यूएचएस महातमा पट्टी कोटवा, यूएचएस गुरमिया मधुबन, एनपीएस कनकटी कपूर्री टोला मेहसी, यूएचएस कढ़ान मोतिहारी, यूएचएस नौवाडीह पहाड़पुर, यूएमएस चैता कन्या पकड़ीदयाल, यूएचएस बेतौना पताही, यूएचएस टोवसा फेनहारा, बीएएस बुनियादी स्कूल पिपराकोठी, यूएमएस बेलवा हिंदी रामगढ़वा, यूएचएस हरैया रक्सौल, यूएचएस श्यामपुर संग्रामपुर, यूएचएस माली सुगौली, यूएचएस पानापुर तेतरिया तथा यूएचएस बेलवा राय तुरकौलिया,यूएचएस बनकटवा, यूएचएस हिरमणी छौड़ादानो, यूएमएस लहान ढाका उर्दू बालक, यूएचएस टोनवा घोड़ासहन, यूएचएस यादवपुर हरसिद्धि, यूएचएस कैथवलिया कल्याणपुर, यूएचएस ढेकहां मठ केसरिया, जीएमएस केसरिया कन्या, यूएचएस बसतपुर मोतिहारी, यूएचएस जमला मोतिहारी, युएचएस श्री भगत सिंह सिसवा बाजार पहाड़पुर, यूएचएस मझार पकड़ीदयाल, यूएचएस झखरा कालोनी पिपराकोठी, यूएचएस मुरला रामगढ़वा तथा यूएचएस खैरवा कन्या विधालय तेतरिया शामिल है।

**निरीक्षण** › मुख्यमंत्री ने पटना जंक्शन के समीप निर्माणाधीन मल्टी लेवल हब एवं भूमिगत मार्ग का किया निरीक्षण

# ट्रेन यात्रियों को आवागमन में सहूलियत होगी , जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा



एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना जंक्शन के समीप निमार्णाधीन मल्टीलेवल हब एवं भूमिगत मार्ग (सब-वे) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री निमार्णाधीन तीन मंजिला मल्टीलेवल हब के सबसे ऊपरी तल पर पहुंचे। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को साइट प्लान के द्वारा निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करें। मल्टीलेवल पार्किंग की छत पर सोलर प्लेट भी लगाएं ताकि यहां की बिजली की आवश्यकता को पूर्ण किया जा सके। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने मल्टीलेवल पार्किंग से पटना जंक्शन के निमार्णाधीन सब-वे का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना का उद्देश्य पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र अन्तर्गत यातायात व्यवस्था को विकसित किया जाना है। पटना जीपीओ गोलम्बर के समीप मल्टीलेवल पार्किंग (हब) का निर्माण किया जा रहा है, जो यातायात के विभिन्न स्त्रोतों को जोड़ने वाला एक प्रमुख केन्द्र है। यहां सिटी बस, ऑटो, टैक्सी एवं निजी कार पार्किंग की व्यवस्था है, जहां से पटना रेलवे स्टेशन तथा महावीर मंदिर, बुद्धा पार्क को जोड़ने हेतु सब-वे का निर्माण किया गया है। निरीक्षण के दौरान सीएम ने कहा कि यात्रियों के लिए मल्टीलेवल पार्किंग से पटना जंक्शन तक की सब-वे की कुल लम्बाई 440 मीटर है। इसमें ट्रैवलेटर की संख्या-04 होगी, जिनकी लम्बाई क्रमशः 18 मीटर, 30 मीटर, 45 मीटर एवं 55 मीटर यानी कुल 148 मीटर है। एस्केलेटर की संख्या-02 तथा अंडर ग्राउंड बॉक्स एरिया लिफ्ट की संख्या-02 (महावीर मंदिर निकास के पास एवं मल्टी-लेवल पार्किंग के पास) होगी। भूमिगत लम्बाई में हेल्थ वेन्टिलेशन एयर कंडिशनिंग की व्यवस्था होगी। इसमें 03 जगहों-मल्टीलेवल पार्किंग के निकट, बुद्धा स्मृति पार्क तथा पटना जंक्शन के निकट हनुमान मंदिर के बगल से प्रवेश/निकास की व्यवस्था होगी। इस सब-वे के निर्माण से ट्रेन यात्रियों को आवागमन में सहूलियत होगी और उन्हें कहीं भी जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। पैदल यात्री रेलवे स्टेशन के ट्रैफिक जाम से बचते हुए सब-वे का उपयोग कर मल्टी-लेवल पार्किंग क पहुंच सकेंगे और विभिन्न जगहों पर आवागमन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना जंक्शन के समीप ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए इस सब-वे का निर्माण कराया जा रहा है। इस स्थान पर काफी भीड़-भाड़ रहती है, जिसके कारण रोड क्रॉस करना कठिन होता है। साथ ही दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है। इस कारण सब-वे की परिकल्पना की गई। उन्होंने कहा कि इसका निर्माण कार्य बेहतर ढंग से करते हुए जल्द पूरा करें ताकि यात्रियों को आवागमन में सहूलित हो और जाम की परेशानी से उन्हें निजात मिले।

## अररिया के सुंदरनाथ धाम का सौंदर्यीकरण करेगा पर्यटन विभाग

एजेंसी

**अररिया।** पर्यटन विभाग की ओर से अररिया के कुसाकांटा प्रखंड स्थित ऐतिहासिक धर्मस्थल सुंदरनाथ धाम का सौंदर्यीकरण व विकास किया जायेगा. कला-संस्कृति व पर्यटन विभाग दोनों मंत्रालय से इस दिशा में पहल शुरू हो चुकी है. सान्याल कुमार सुंदरनाथ धाम पहुंच कर स्थल निरीक्षण किया. वही, पदाधिकारी सान्याल कुमार ने सुंदरी मठ न्यास समिति के सदस्यों के साथ धाम परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक कर विस्तृत जानकारी दी. वही, इसकी अध्यक्षता सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल ने की। विधायक ने अधिकारी को सबसे पहले पूरे मंदिर परिसर का अवलोकन कराया। वही फिर बैठक में पदाधिकारी ने सुंदरनाथ धाम में होने वाली अति आवश्यक कार्यों के संबंध में न्यास समिति से सूची मांगी गई है. जिसमें माता पार्वती मंदिर के पूरब बड़ा कला मंच निर्माण, शिवगंगा के पूरब महाड़ स्थित शेड के पूरब खाली भूमि पर चहारदीवारी निर्माण, वाहन पार्किंग स्थल निर्माण, तीन मंजिला 30 कमरे का आधुनिक धर्मशाला निर्माण, शिवगंगा के पूरब, दक्षिण व पश्चिम महाड़ पर श्रद्धालुओं के परिक्रमा के लिये छत, लाइट युक्त लोहे का बैरिकेडिंग निर्माण सम्मिलित है. वही, इस बैठक के संदर्भ में पदाधिकारी सान्याल ने पत्रकारों से बताया कि इन कार्यों का प्रस्ताव कला-संस्कृति व पर्यटन विभाग को भेजा जायेगा और प्रस्ताव की मंजूरी मिलते ही कार्यों की रूप रेखा तैयार किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने रूस जाएंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 23 एवं 24 अक्टूबर को रूस के दौरे पर जाएंगे। रूस की अध्यक्षता में कजान में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रित किया है। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ब्रिक्स सदस्य देशों के अपने समकक्षों और आमंत्रित नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कर सकते हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार 'न्यायसंगत वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना' विषय पर आयोजित यह शिखर सम्मेलन नेताओं को प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। यह शिखर सम्मेलन ब्रिक्स द्वारा शुरू की गई पहलों की प्रगति का आकलन करने और भविष्य में सहयोग के लिए संभावित क्षेत्रों की पहचान करने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान करेगा।

### मत्स्य पालन एवं जलीय कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकी पर कार्यशाला आज पटना में

**नई दिल्ली।** मत्स्य पालन विभाग शनिवार को बिहार के पटना में मत्स्य पालन एवं जलीय कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग और प्रदर्शन पर एक कार्यशाला आयोजित कर रहा है। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित कार्यशाला में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, बिहार की मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं सम्राट चौधरी शामिल होंगे। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि कार्यशाला के दौरान अभिनव ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन करने के लिए वैज्ञानिकों, राज्य मत्स्य अधिकारियों, मछुआरों को एक मंच पर लाया जाएगा। मत्स्य पालन क्षेत्र में ड्रोन तकनीक की परिवर्तनकारी क्षमता पर तकनीकी सत्र भी आयोजित होंगे। मछली चारा और मछली के बीज के साथ-साथ प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और विभिन्न राज्य योजनाओं के लाभार्थियों को चेक वितरित किए जाएंगे। कार्यशाला का समापन पटना के दीघा घाट पर होगा। इस पहल का उद्देश्य नदी में मछली स्टॉक को बढ़ाना और स्थायी मत्स्य प्रबंधन के लिए पारिस्थितिक संतुलन को बढ़ावा देना है।

### बहराइच हिंसा के पांच आरोपितों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के महाराजगंज क्षेत्र में रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई सांप्रदायिक हिंसा मामले में गिरफ्तार पांच आरोपितों को शुक्रवार को अपर जिला जज पूनम पाठक के न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपितों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के मुताबिक महाराजगंज में हिंसा के मामले में पांच अभियुक्त गुरुवार को गिरफ्तार किये गए थे। इनमें दो अभियुक्त सरफराज और तालीम पुलिस के साथ मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए हैं। इन दोनों को अस्पताल में भर्ती कराते हुए उपचार कराया गया। शुक्रवार की सुबह पांचों आरोपितों मोहम्मद फहीम, मोहम्मद तालीम उर्फ सबलू, मोहम्मद सरफराज, अब्दुल हमीद और मोहम्मद अफजाल को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शुक्रवार का दिन होने के मद्देनजर पेशी के दौरान कोर्ट परिसर के अंदर और बाहर व्यापक स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम थे। उल्लेखनीय है कि रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान भड़की हिंसा के दौरान रामगोपाल मिश्रा नामक युवक की हत्या हो गई थी, जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने जमकर उत्पात मचाया था। मृतक के परिजनों ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर इस मामले में न्याय दिलाने की गुहार लगाई थी।

### लमडिंग-बदरपुर हिल सेक्शन में ट्रेन सेवाएं बहाल



**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पूसीरे) के लमडिंग-बदरपुर हिल सेक्शन में ट्रेन सेवाएं शुक्रवार सुबह से फिर से बहाल कर दी गयी हैं। पूसीरे के सीपीआरओ कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि बीते गुरुवार को ट्रेन संख्या 12520 (अगरतला-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस) के पटरी से उतरने के कारण प्रभावित हुई लमडिंग-बदरपुर हिल सेक्शन में ट्रेन सेवाएं फिर से बहाल कर दी गयी हैं। ट्रेन संख्या 12503 (एसएमवीटी बेंगलुरु-अगरतला एक्सप्रेस) 09.48 बजे डिबालोंग स्टेशन के दुर्घटना प्रभावित सेक्शन से गुजरने वाली पहली ट्रेन है। ट्रेन सेवा बहाल किये जाने से पहले सुरक्षा के सभी मानकों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि लमडिंग-बदरपुर हिल सेक्शन में अगरतला-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस डिमा हसाओ जिले के डिबालोंग क्रॉसिंग पॉइंट पर बेपटरी हो गयी थी। इसके चलते त्रिपुरा, मणिपुर और असम के बराक घाटी में ट्रेन सेवा बाधित हुई थी। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ था।

# मानवाधिकार उल्लंघन पर वैश्विक चुप्पी चिंताजनक : उपराष्ट्रपति

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को पड़ोसी देशों में हिंदुओं के खिलाफ मानवाधिकारों के उल्लंघन पर वैश्विक चुप्पी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारे पड़ोस से अपनी अंतरात्मा की आवाज पर चलने का पाप करने के कारण कठोर दमन के तहत भारत भागकर आए राज्यविहीन शरणार्थियों का मानवाधिकारों के नाम पर विरोध किया गया।

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने मानवाधिकारों के सभ्यतागत संरक्षक के रूप में भारत की असाधारण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने हमारे पड़ोस में हिंदुओं की दुर्दशा के सबसे निराशाजनक पहलू और तथाकथित नैतिक उपदेशकों, मानवाधिकारों के संरक्षकों की बहरी चुप्पी की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा, 'वे पूरी तरह से बेनकाब हो चुके हैं। वे ऐसी चीज के भाड़े के सैनिक हैं जो मानवाधिकारों के बिल्कुल विपरीत है। लड़कों, लड़कियों और महिलाओं के साथ किस तरह की बर्बरता, यातना, दर्दनाक अनुभव होता है, इसे देखें। हमारे धार्मिक स्थलों को अपवित्र होते हुए देखें।'

उन्होंने वैश्विक आक्रोश की कमी की ओर इशारा करते हुए कुछ क्षेत्रों में हिंदुओं द्वारा सामना किए जा रहे मानवीय संकटों पर अधिक ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के उल्लंघनों के प्रति बहुत अधिक सहनशील होना उचित नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक के बाद एक प्रकरणों में सबूत जमा हो रहे हैं कि 'डीप स्टेट' उभरती शक्तियों के खिलाफ कानूनी लड़ाई में शामिल है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों का इस्तेमाल विदेश नीति के एक उपकरण के रूप में दूसरों पर शक्ति और प्रभाव डालने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। नाम लेना और शर्मिंदा करना कूटनीति का एक घटिया रूप है। आपको केवल वही उपदेश देना चाहिए जो आप करते हैं। हमारी स्कूल प्रणाली को देखें- हमारे यहां उस तरह की गोलीबारी नहीं होती है जो कुछ विकसित होने का दावा करने वाले देशों में नियमित रूप से होती है। उन देशों के बारे में सोचें जो मानवाधिकारों के ऐसे भयानक उल्लंघनों पर भी आंखें मूंद लेते हैं।

### भारत का मानवाधिकार रिकॉर्ड बेजोड़

धनखड़ ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की सराहना करते हुए कहा कि इस अधिनियम का उद्देश्य अपने देश में उत्पीड़न से बचने के लिए अपने विवेक का पालन करने वाले राष्ट्रविहीन व्यक्तियों को शरण प्रदान करना है। भारत का मानवाधिकार रिकॉर्ड बेजोड़ है। उन्होंने कहा कि 'दोस्तो, दुनिया भर में देखिए। मानवाधिकारों, खासकर अल्पसंख्यकों, हाशिए पर पड़े और समाज के कमजोर वर्गों के संरक्षण के मामले में आप पाएंगे कि भारत अन्य देशों से बहुत आगे है।'

### समिति ने मुख्यमंत्री को सौंपा यूसीसी नियमावली का ड्राफ्ट, उत्तराखंड में जल्द होगा लागू

# यूसीसी कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा उत्तराखंड : मुख्यमंत्री

एजेंसी

### राज्य में यूसीसी लागू करने की तिथि मंत्रिमंडल की बैठक में जल्द की जाएगी तय



**देहरादून।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून को जल्द लागू करने की कवायद तेज हो गई है। शुक्रवार को नियमावली बनाने के लिए गठित समिति ने अपना ड्राफ्ट सचिवालय स्थित विश्वकर्मा भवन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंप दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही मंत्रिमंडल की बैठक में इस अधिनिनियम को राज्य में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए तिथि तय की जाएगी।

समान नागरिक संहिता उत्तराखंड अधिनियम के राज्य में क्रियान्वयन के लिए सेवानिवृत्त आईएएस शत्रुघ्न सिंह की अध्यक्षता में बनाई गई 'नियमावली और क्रियान्वयन समिति' ने शुक्रवार को सचिवालय में हिन्दी और अंग्रेजी दोनों संस्करणों में तैयार नियमावली का ड्राफ्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंप दिया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईएएस शत्रुघ्न सिंह, सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौड़, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, अपर पुलिस महानिदेशक अमित सिन्हा और स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा मौजूद थे। जानकारी के अनुसार इस नियमावली में मुख्य रूप से चार भाग हैं। जिसमें विवाह एवं विवाह-विच्छेद लिव-इन रिलेशनशिप, जन्म एवं मृत्य पंजीकरण तथा उत्तराधिकार सम्बन्धी नियमों के पंजीकरण सम्बन्धी प्रक्रियाएं उल्लिखित है। जन सामान्य की सुलभता के दृष्टिगत इसके लिए एक पोर्टल और मोबाइल एप भी तैयार किया गया है, जिससे कि पंजीकरण व अपील आदि की समस्त सुविधाएं जन सामान्य को ऑनलाइन माध्यम से सुलभ हो सकेगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता अधिनियम की नियमावली आज सौंप दी गई है। इस नियमावली में मुख्य रूप से चार भाग है। जिसमें विवाह एवं विवाह-विच्छेद लिव-इन रिलेशनशिप, जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण और उत्तराधिकार सम्बन्धी नियमों के पंजीकरण संबंधी प्रक्रियाएं उल्लिखित है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मंत्रिमंडल की बैठक में इस अधिनिनियम को राज्य में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए तिथि तय की जाएगी। इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जन सामान्य की सुलभता के दृष्टिगत इस समान नागरिक संहिता के लिए एक पोर्टल और मोबाइल एप भी तैयार किया गया है, जिससे कि पंजीकरण, अपील आदि की समस्त सुविधाएं जन सामान्य को ऑनलाइन माध्यम से सुलभ हो सके।

### सबको मिले समान रूप से न्याय

उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में सबको समान रूप से न्याय मिले। महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विधेयक बना है। जल्द इस अधिनियम को धरातल पर उतारा जाएगा। आजादी के बाद उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन जाएगा, जिसे समान नागरिक संहिता लागू करने का गौरव प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि सरकार अब नियमावली का अध्ययन करेगी। यह कानून सबकी समानता के लिए है, किसी को घबराने की जरुरत नही है। सरकार सभी के सुझाव आमंत्रित करती है, संसोधन के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यह कानून सबके समानता के लिए है। देवभूमि के साथ-साथ उत्तराखंड वीरभूमि है। यह राज्य दो-दो अंतराष्ट्रीय सीमा से लगा हुआ है। देवभूमि की जनता ने मैंडेड दिया है। यह कानून किसी को परेशान करने के लिए नहीं लाया जा रहा।

### राजधानी दिल्ली में आबोहवा हुई बेहद खराब, एक्यूआई 293 हुआ दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार सुबह राजधानी के लोगों को प्रदूषण के धुंध का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को राजधानी में औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब श्रेणी के साथ 293 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार अगले दो दिनों तक दिल्ली में हवा की गुणवत्ता में सुधार के आसार नहीं हैं। शुक्रवार को राजधानी के आठ से ज्यादा स्थानों पर एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी यानी 300 के पार पहुंच गया। सीपीसीबी के अनुसार दिल्ली के द्वारका सेक्टर 8 में 334, एयरपोर्ट टी 3 टर्मिलनल के आसपास 262, मुंडका में 375, पूसा में 242, आयानगर में 314, शादीपुर में 315, मंदिर मार्ग में 284, वजीरपुर में 381, रोहिणी में 362 एक्यूआई दर्ज किया गया। दिल्ली और एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण के कारण वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का पहला चरण लागू कर दिया है। हालात ऐसे ही रहे तो जल्दी ही ग्रैप का चरण दो भी लागू कर दिया जाएगा।

## प्रधानमंत्री आज 'कर्मयोगी सप्ताह' का करेंगे शुभारंभ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को सुबह लगभग 10:30 बजे दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में 'कर्मयोगी सप्ताह' - राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि मिशन कर्मयोगी की शुरूआत सितंबर 2020 में की गई थी और तब से इसने काफी प्रगति की है। इसमें वैश्विक परिप्रेक्ष्य के साथ भारतीय लोकाचार में निहित भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवा की कल्पना की गई है। राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह (एनएलडब्ल्यू) अपनी तरह का सबसे बड़ा आयोजन होगा जो सिविल सेवकों के लिए व्यक्तिगत और संगठनात्मक क्षमता विकास की दिशा में नई प्रेरणा प्रदान करेगा। यह पहल सीखने और विकास के लिए नई प्रतिबद्धता को प्रेरित करेगी। एनएलडब्ल्यू का उद्देश्य 'एक सरकार' का संदेश देना, सभी को राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ जोड़ना और आजीवन सीखने को बढ़ावा देना है।

एनएलडब्ल्यू व्यक्तिगत प्रतिभागियों और मंत्रालयों, विभागों और संगठनों द्वारा जुड़ाव के विभिन्न रूपों के माध्यम से सीखने के लिए समर्पित होगा। एनएलडब्ल्यू के दौरान, प्रत्येक कर्मयोगी कम से कम 4 घंटे की योग्यता-संबंधी शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। प्रतिभागी आईजीओटी पर व्यक्तिगत भूमिका-आधारित मॉड्यूल, प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा वेबिनार (सार्वजनिक व्याख्यान/नीति मास्टरक्लास) के मिश्रण के माध्यम से लक्षित घंटे पूरे कर सकते हैं। सप्ताह के दौरान, प्रतिष्ठित वक्ता प्रमुख क्षेत्रों पर बातचीत करेंगे और उन्हें अधिक प्रभावी तरीके से नागरिक-केंद्रित वितरण की दिशा में काम करने में मदद करेंगे।

### भारत-पाक सीमावर्ती क्षेत्र के करीब करोड़ों की हेरोइन समेत एक गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सीमावर्ती जिला पठानकोट से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उससे एक किलो 350 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार सुबह सोशल मीडिया साइट एक्स पर बताया है कि पंजाब पुलिस के कांउटर इंटेलीजेंस विंग तथा गुरदासपुर पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान एक युवक को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया युवक पाकिस्तान ड्रग तस्करों के संपर्क में था। पाकिस्तानी ड्रग तस्कर पंजाब की सीमा में ड्रोन की मदद से नशीले पदार्थ पहुंचाते थे और आरोपित उन्हें आगे पहुंचाने का काम करता था। डीजीपी ने बताया कि इस मामले में अभी कई गिरफ्तारियां होने की संभावना है। आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है। आरोपित के पाकिस्तान तथा भारतीय पंजाब व अन्य राज्यों में संपर्कों के बारे में पता लगाया जा रहा है।

## उपराज्यपाल ने उमर अब्दुल्ला कैबिनेट के मंत्रियों को किया विभाग आवंटित



एजेंसी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली कैबिनेट में शामिल नए मंत्रियों को विभागों का आवंटन कर दिया है। मुख्यमंत्री की सलाह पर विभागों के आवंटन का आदेश उपराज्यपाल ने जारी किया है। उप मुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी को महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उप मुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी के पास सार्वजनिक निर्माण (आरएण्डबी), उद्योग एवं वाणिज्य, खनन, श्रम एवं रोजगार, और कौशल विकास विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा और सामाजिक कल्याण विभाग की जिम्मेदारी सकीना मसूद (इटो) को दी गई है। जावेद अहमद राणा जल शक्ति, वन, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण, और जनजातीय मामलों का विभाग संभालेंगे।

जाविद अहमद डार के पास कृषि उत्पादन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, सहकारिता, और चुनाव संबंधी कार्यों का प्रभार संभालेंगे। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, परिवहन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी, युवा सेवाएं एवं खेल, और एआरआई एवं प्रशिक्षण विभाग का कार्यभार सतीश शर्मा को सौंपा गया है। अन्य विभाग मुख्य मंत्री के पास रहेंगे।

**सैन्य अभियान** › याह्या सिनवार की मौत पर बोले बाइडेन– यह दुनिया के लिए अच्छा दिन

# इजराइली कार्रवाई में हमास प्रमुख सिनवार की मौत

एजेंसी

**वाशिंगटन।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज ने अपने सैन्य अभियान के तहत गाजा में गुरुवार को अपने सबसे बड़े दुश्मन हमास प्रमुख याह्या सिनवार को मार गिराया। सिनवार ने पिछले साल इजराइल पर हमास के आतंकी हमले की अगुवाई की थी और वह इजराइल के हिट लिस्ट में था। सिनवार की मौत के बाद इजराइल ने अपना बदला पूरा कर लेने की बात कही लेकिन बंधकों की रिहाई तक उसकी लड़ाई जारी रहेगी।

- अब गाजा में युद्ध खत्म करने का एक मौका : कमला हैरिस
- सिनवार की मौत से बदला पूरा, जारी रहेगी लड़ाई : नेतन्याहू



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने याह्या सिनवार की मौत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह पूरी दुनिया के लिए एक अच्छा दिन है। उन्होंने कहा कि डीएनए परीक्षण से पुष्टि हुई है कि सिनवार मारा गया है। यह इजराइल और अमेरिका के साथ पूरी दुनिया के लिए एक अच्छा दिन है। यह इजराइली बंधकों की रिहाई के लिए एक अच्छा अवसर है। इससे एक साल से जारी गाजा युद्ध समाप्त हो जाएगा। अमेरिकी उपराष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस ने भी कहा है कि हजारों निर्दोष लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार हमास नेता याह्या की मौत की वजह से अमेरिका, इसराइल और पूरी दुनिया बेहतर स्थिति में है। यह गजा में हो रहे युद्ध को खत्म करने का एक मौका है।

### आतंकी हमले का किया था नेतृत्व

इजराइल ने गुरुवार रात हमास प्रमुख याह्या सिनवार को मार गिराने का दावा किया था। इजराइल और अमेरिका की तरफ से दावा किया जाता रहा है कि पिछले साल 7 अक्तूबर को दक्षिणी इजराइल में हुए आतंकी हमले का नेतृत्व याह्या सिनवार ने ही किया था जिसमें 12 सौ लोग मारे गए थे और लगभग ढाई सौ लोगों को बंधक बनाया गया था।

### अपनी क्रूरता के लिए कुख्यात रहा

उल्लेखनीय है कि जुलाई में हमास नेता इस्माइल हनिया के तेहरान में इजराइली कार्रवाई में मारे जाने के बाद सिनवार को हमास प्रमुख बनाया गया था। सिनवार का जन्म 1962 में खान यूनिस के गाजा शहर के एक शरणार्थी शिविर में हुआ था। हमास का गठन 1987 में हुआ था और याह्या सिनवार उसके संस्थापक सदस्यों में से एक था। अपनी क्रूरता के लिए कुख्यात सिनवार ने संदेह होने पर अपने 12 सहयोगियों की हत्या कर दी थी, जिसके बाद उसे खान यूनिस का कसाई कहा जाने लगा।

## आयकर विभाग ने चुनाव में वित्तीय कदाचार रोकने के लिए नियंत्रण कक्ष किया स्थापित

एजेंसी

**मुंबई/नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने महाराष्ट्र विधानसभा के आम चुनावों के दौरान धनबल के दुरुपयोग को रोकने के लिए 24x7 नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। विभाग ने लोगों से कालेधन के खिलाफ राज्य में होने वाले चुनाव में वित्तीय कदाचार की रिपोर्ट करने को भी कहा है।

आयकर विभाग ने 'एक्स' पोस्ट पर एक बयान में कहा है कि आयकर विभाग, महाराष्ट्र में आगामी विधान सभा चुनाव के दौरान धनबल के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने और चुनाव की शुद्धता बनाए रखने के उद्देश्य से आयकर विभाग, मुंबई ने 24x7 नियंत्रण कक्ष से युक्त एक चुनाव व्यय निगरानी तंत्र स्थापित किया है।

काले धन के खिलाफ आयकर विभाग ने अपनी मुहिम में अपील करते हुए कहा कि हम धनबल के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। विभाग ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए व्यय निगरानी तंत्र स्थापित किया गया है। नागरिक टोलफ्री नंबर, व्हाट्सएप अथावा ई-मेल पर भी जानकारी दे सकते हैं। आयकर विभाग के मुताबिक यह आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने तक चालू रहेगा। इसका उद्देश्य लोगों को चुनाव प्रचार के उद्देश्यों में उपयोग की जाने वाली नकदी और कीमती वस्तुओं के बारे में जानकारी प्रदान करने में सक्षम बनाना है।

## संक्षिप्त खबरें

### गगन नारंग ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक में सरकार के प्रयासों की सराहना की

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग ने ड्राफ्ट नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल लाने में सरकार के प्रयासों की सराहना की और इसे भारत के खेल महाशक्ति बनने की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। खेल मंत्रालय ड्राफ्ट नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल लाने पर काम कर रहा है, जिसे पूर्व-विधायी परामर्श प्रक्रिया के हिस्से के रूप में आम जनता और हितधारकों की टिप्पणियों/सुझावों को आमंत्रित करने के लिए सार्वजनिक डोमेन में रखा गया है। नारंग ने एक्स पर पोस्ट किया, मनसुख मांडविया सर, एक मजबूत और पारदर्शी खेल प्रशासन मॉड्यूल बनाने में सरकार के प्रयास उल्लेखनीय हैं। आगामी ड्राफ्ट नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल 2024 निश्चित रूप से एक मील का पत्थर साबित होगा क्योंकि भारत खेल प्रशासन के अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल बिठाने और एक खेल महाशक्ति बनने की अपनी यात्रा पर आगे बढ़ रहा है।उन्होंने कहा, ये उपाय ओलंपिक और पैरालंपिक चार्टर का प्रत्यक्ष प्रतिबिंब हैं और एक पूर्व एथलीट के रूप में, खेलों में हमारे देश के विकास को देखकर मुझे गर्व होता है। मसौदा विधेयक पारदर्शिता और जवाबदेही लाकर देश में खेल प्रशासन में सुधार करेगा, जो कि मुख्य रूप से समय की मांग है।

### अर्जुन एरिगैसी ने जीता डब्ल्यूआर शतरंज मास्टर्स कप, फ्रांस के वचियर-लाग्रेव को हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंड मास्टर अर्जुन एरिगैसी ने फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव को हराकर 2024 डब्ल्यूआर शतरंज मास्टर्स कप जीत लिया है, जिसमें उन्हें 20,000 यूरो का शीर्ष पुरस्कार और 27.84 एफआईडीई सर्किट अंक मिले। हालांकि, जीत के बावजूद एरिगैसी 2800 का आंकड़ा पार नहीं कर सके, क्योंकि उनके फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी ने क्लासिकल खेलों में लगातार दो ड्रॉ कराए। एरिगैसी को पता था कि उन्हें अपने करियर में पहली बार 2800 अंक पार करने के लिए अंतिम दिन क्लासिकल शतरंज में जीत हासिल करनी होगी। वैचियर-लाग्रेव ने अपने सभी क्लासिकल गेम ड्रॉ किए थे, लेकिन तीन में से तीन आर्मगेडन जीते थे, अर्जुन ने अपनी रणनीति पर कहा,मूल रूप से, मुझे लगा कि मुझे इसे क्लासिकल में ही खत्म करना चाहिए! एरिगैसी, जो 2796.1 की लाइव रेटिंग के साथ दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी हैं, ने खिताब जीतने के रास्ते में हमवतन विदित गुजराती और आर. प्रज्ञानंद को हराया।

### इंडो-फ्रेंच फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने वाला पहला भारतीय क्लब बना मोहम्मडन एससी

**कोलकाता।** मोहम्मडन एससी की अंडर-18 टीम 25 से 30 नवंबर तक पेरिस में होने वाले इंडो-फ्रेंच फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेगी। इसी के साथ वह इस टूर्नामेंट में खेलने वाला पहला भारतीय पेशेवर क्लब बन जाएगा। मोहम्मडन लड़कों को पेरिस सेंट-जर्मेन और पेरिस एफसी जैसे कुछ शीर्ष क्लबों का सामना करने का अवसर मिलेगा। भारतीय युवा क्लब पिछले एक साल से अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में नियमित रूप से हिस्सा ले रहे हैं। वहीं, मुंबई सिटी एफसी की अंडर-15 टीम ने मीना कप 2024 में भाग लिया, पंजाब एफसी की अंडर-21 टीम ने नेक्स्ट जनरेशन कप 2024 में भाग लिया, जिसमें एस्टन विला की अकादमी टीमों को 2-0 और एवर्टन को 2-1 से लगातार गेम में हराया।

### हम किसी भी टीम से मुकाबला करने के लिए तैयार हैं : आमिर अली

**जोहोर (मलेशिया)।** मलेशिया के जोहोर में शनिवार से 12वें सुल्तान ऑफ जोहोर कप की शुरूआत हो रही है। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम शनिवार को अपने पहले मैच में जापान से भिड़ेगी। मैच से पहले कप्तान आमिर अली ने कहा कि वह प्रतियोगिता में किसी भी टीम से मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। 19 अक्टूबर से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट में भारत का सामना मेजबान मलेशिया, जापान, ग्रेट ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से होगा। टूर्नामेंट का फाइनल 26 अक्टूबर को होगा। मलेशिया में भारतीय टीम नए मुख्य कोच पीआर श्रीजेश के नेतृत्व में प्रतिस्पर्धा करेगी। हॉकी इंडिया की ओर से शुक्रवार को जारी एक बयान में टीम के कप्तान आमिर अली ने कहा कि टीम नए मुख्य कोच पीआर श्रीजेश के नेतृत्व में अच्छी तरह से प्रशिक्षण ले रही है। हम उनके साथ अपना पहला टूनार्मेंट खेलने के लिए उत्साहित हैं। पिछली बार जर्मनी से हारने के बाद, हम अपना खिताब बरकरार नहीं रख पाए थे, लेकिन इस बार टीम पूरी तरह से सुसज्जित है और प्रतियोगिता में किसी भी टीम से मुकाबला करने के लिए तैयार है। उप कप्तान रोहित ने कहा कि टूर्नामेंट से पहले सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहने के लिए हम पिछले कुछ दिनों से कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इस बार टीम में कई नए खिलाड़ी हैं जो मैदान पर अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं।

# अपने पैर की चोट को लेकर हीली ने कहा-मेरे पास केवल एक ही मैच था और शायद मैंने गलत जोखिम उठाया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने खुलासा किया है कि टूर्नामेंट के बीच में उनके दोनों पैरों में प्लांटर फेशिआइटिस के फट जाने का मतलब है कि महिला टी20 विश्व कप 2024 के बाकी बचे मैचों में उनके पास केवल एक ही मैच बचा है, और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को होने वाले सेमीफाइनल से बाहर होना उनके लिए गलत फैसला साबित हो गया। ऑस्ट्रेलिया की टी20 में बादशाहत, जो 2018 में कैरेबियाई देशों में खिताब जीतने के बाद से चली आ रही है, गुरुवार (17 अक्टूबर) को दुबई में पहले सेमीफाइनल में पिछले संस्करण की उपविजेता दक्षिण



अफ्रीका के हाथों 8 विकेट से हार के साथ खत्म हो गई।

हीली ने सेमीफाइनल से अपनी टीम के बाहर होने के बाद कहा, मेरे दोनों पैरों के प्लांटर फेसिया फट गए, एक पूरी तरह से और दूसरा आंशिक रूप से फट गया। यह सिर्फ काम करने और दर्द का मामला था और आखिरकार, शायद, मेरे पास सिर्फ. एक ही खेल बचा था। शायद दिन के अंत में मैंने गलत जोखिम उठाया।

गुरुवार को जब दोनों टीमें 2023 विश्व कप फाइनल के री-मैच के लिए दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पहुंचीं, तो हीली पहली खिलाड़ी थीं जो ऑस्ट्रेलियाई ड्रेसिंग रूम से बाहर निकलीं और उन्होंने फुल प्लेइंग किट और स्पाइक्स पहनकर पिच का निरीक्षण किया। हालांकि, जैसे-जैसे उनकी ऑस्ट्रेलियाई टीम के और साथी डगआउट से बाहर निकले, यह स्पष्ट हो गया कि कप्तान ने नॉकआउट गेम से पहले टीम की तस्वीर के लिए ही सूट पहना था। शुक्रवार को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ अपने एकमात्र ग्रुप मैच में ऑस्ट्रेलिया के 83 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान चोटिल होकर और भयंकर दर्द के साथ मैदान से बाहर जाने के बाद, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान शारजाह में एहतियात के तौर पर बैसाखी के सहारे और अपने दाहिने पैर में मून-बूट पहनकर चल रही थीं। हीली की चोट की सटीक प्रकृति या सीमा का खुलासा न करने के बावजूद, यह तथ्य कि ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान के प्रतिस्थापन की मांग नहीं की, यह संकेत पर्याप्त था कि प्रबंधन नॉकआउट के लिए उनकी वापसी के लिए आशान्वित था।

हीली ने सेमीफाइनल की पूर्व संध्या पर टीम के साथ प्रशिक्षण नहीं लिया, जबकि स्टैंड-इन उप-कप्तान एलिस पेरी ने कहा कि टीम उनकी उपलब्धता पर बाद में निर्णय लेने को तैयार थी। हीली ने कहा कि वह खुद भी निश्चित नहीं थी कि वह पूरी तरह से मैच के लिए तैयार होने के कितने करीब थी। उन्होंने कहा, मुझे वास्तव में नहीं पता-इसका उत्तर देना कठिन है, लेकिन उम्मीद है कि मुझे इसे आजमाने का पछतावा नहीं होगा। लेकिन, आप कभी नहीं जानते कि वहां क्या होने वाला था। डब्ल्यूबीबीएल के 10वें संस्करण से पहले ऑस्ट्रेलिया लौटने पर हीली के चोट और आगे के पुनर्वास पाठ्यक्रम का उचित आकलन किया जाएगा, जो अगले रविवार (27 अक्टूबर) से शुरू होगा।

## महिला टी-20 विश्व कप: ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने की दक्षिण अफ्रीका की तारीफ

ग्रेस हैरिस और जॉर्जिया वेयरहैम हुई जल्दी आउट

बेथ मूनी और मैकग्राथ ने सतर्क साझेदारी की




एजेंसी

**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में मिली 8 विकेट से हार के बाद 2024 टी20 विश्व कप से बाहर होने पर ऑस्ट्रेलिया की कार्यवाहक कप्तान ताहलिया मैकग्राथ ने कहा कि उनकी टीम ने कुछ रन कम बनाए। छह बार की चैंपियन टीम गुरुवार (17 अक्टूबर) को दुबई में पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका से 8 विकेट से हारकर 2024 टी20 विश्व कप से बाहर हो गई।

ग्रेस हैरिस और जॉर्जिया वेयरहैम के जल्दी आउट होने के बाद, ऑस्ट्रेलिया ने मजबूती से वापसी की और बेथ मूनी और मैकग्राथ ने सतर्क साझेदारी की। मूनी ने 42 गेंदों पर 44 रन बनाए जबकि मैकग्राथ ने 33 गेंदों पर 27 रन बनाए और दोनों ने मिलकर केवल तीसरे विकेट के लिए 55 गेंदों पर 50 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया पावरप्ले में केवल 35 रन और 10 ओवर में 53 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 134 रन बनाए।

मैकग्राथ ने अपनी टीम को कम स्कोर पर रोकने के लिए दक्षिण अफ्रीका की अनुशासित गेंदबाजी को श्रेय दिया। मैकग्राथ ने कहा, शुरूआती बल्लेबाजी में हमें लगा कि यह काफी मुश्किल विकेट है। दक्षिण अफ्रीका ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की और स्टंप पर हमला किया और गति को कम कर दिया और हमारे लिए इसे मुश्किल बना दिया, या हमें वास्तव में जोखिम उठाने पर मजबूर कर दिया। इसलिए शायद बल्ले से कुछ शॉर्ट रन दिए और फिर भी हमने सोचा कि हम खेल में बने रहेंगे।

### डेनियल कोलिन्स ने रिटायरमेंट की योजना को स्थगित किया

## 2025 में टूर पर वापस आऊंगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी डेनियल कोलिन्स ने अपनी रिटायरमेंट की योजना को स्थगित करते हुए कहा है कि वह अगले साल टूर पर वापस आएंगी। इस साल की शुरुआत में, कोलिन्स ने कहा था कि 2024 उनका टूर पर आखिरी सीजन होगा, लेकिन अब उन्होंने 2025 में टूर पर वापस लौटने का फैसला किया है। कोलिन्स ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, डेनियल की कहानी अभी खत्म नहीं हुई है। मैं 2025 में टूर पर वापस आऊंगी। हालांकि जीवन में कोई गारंटी नहीं है, लेकिन मैं 2024 की अपनी गति को बनाए रखने और तब तक खेलना जारी रखने की उम्मीद करती हूं, जब तक कि मेरी व्यक्तिगत प्रजनन यात्रा के बारे में अधिक निश्चितता न हो जाए। अभी के लिए एकमात्र गारंटी कुछ और शानदार मैच होंगे।

उन्होंने आगे कहा,इस दौरान मेरे सभी प्रशंसकों और मेरे पीछे खड़े अद्भुत लोगों का शुक्रिया, जिन्होंने मुझे इतना प्रोत्साहित किया और साथ ही टूर पर मेरे सबसे करीबी दोस्तों का भी, जिन्होंने हर कदम



पर मेरा साथ दिया।

30 वर्षीय कोलिन्स के लिए मौजूदा सीजन काफी फलदायी रहा है क्योंकि 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनलिस्ट ने मार्च और अप्रैल में मियामी और चार्ल्सटन में लगातार दो टूर्नामेंट जीते हैं।

उन्होंने कहा, मैं अपने एंडोमेट्रियोसिस और अन्य स्वास्थ्य चुनौतियों से जुड़ी कुछ समस्याओं से जूझ रही हूं। जबकि मैं इस साल अपने टेनिस करियर को एक उच्च नोट पर समाप्त करने और अपने जीवन के अगले अध्याय में जाने के लिए बहुत उत्साहित और उत्सुक थी, लेकिन चीजें योजना के अनुसार नहीं हुईं।

## विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्विएटेक के कोच बने विम फिसेट

एजेंसी

**वारसा।** बेल्जियम के विम फिसेट विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्विएटेक के कोच बन गए हैं। डब्ल्यूटीए फाइनल्स की तैयारी कर रहीं स्विएटेक ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में उक्त जानकारी दी।

अक्टूबर की शरुआत में, स्विएटेक ने कोच टॉमस विक्टरोव्स्की से नाता तोड़ लिया था। उन्होंने वुहान ओपन से यह बताते हुए नाम वापस ले लिया था कि वह अपने कोचिंग स्टाफ में बदलाव करने पर ध्यान केंद्रित कर रही थीं। स्विएटेक ने सियोल और बीजिंग में टूर्नामेंट भी मिस किए थे। उन्होंने आखिरी बार सितंबर की शुरूआत में खेला था, जब वह यूएस ओपन क्वार्टर



फाइनल में जेसिका पेगुला से हार गई थीं।

23 वर्षीय स्विएटेक ने बयान में कहा,मैं विम के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे लगता है कि उनका दृष्टिकोण, विजन बहुत अच्छा है, और उनकी अतिरिक्त संपत्ति टेनिस में उच्चतम स्तर पर विशाल अनुभव है।बेशक, एक-

## पैरालंपिक चैंपियन शूटर अवनि लेखरा ने दिल्ली हाफ मैराथन से पहले मिर्ची गेट एक्टिव एक्सपो में भरा जोश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फिटनेस के दीवानों के लिए प्रेरणास्त्रोत-मिर्ची गेट एक्टिव एक्सपो का आज शानदार शुभारंभ हुआ। इसमें पैरालंपिक में दो बार स्वर्ण पदक जीतने वाली राइफल शूटर अवनि लेखरा ने हिस्सा लिया। बहुप्रतीक्षित वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन से पहले आयोजित इस एक्सपो में दो बार की पैरालंपिक चैंपियनअवनि ने औपचारिक दीप प्रज्ज्वलित कर एक्सपो का शुभारंभ किया।

यह एक्सपो 17-19 अक्टूबर, 2024 तक इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम के केडी जाधव कुश्ती स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है, जो रविवार, 20 अक्टूबर को होने वाली बहुप्रतीक्षित वेदांता



दिल्ली हाफ मैराथन के लिए मंच तैयार कर रहा है। इस अवसर पर लेखरा ने कहा, पदक जीतने से ज्यादा, किसी के जीवन में बदलाव लेन वाला बनना-उनके आत्मविश्वास को जगाना-यही मेरे जुनून को बढ़ाता है।

शार्पशूटिंग चैंपियन ने 2024 पैरालंपिक जीत से पहले के संघर्षों का खुलासा किया, जिसमें एक गंभीर सर्जरी भी शामिल है और जिसके कारण उन्हें एक महीने तक प्रशिक्षण से दूर रहना पड़ा था।

लेखरा ने बताया, मैं वहां थी, सर्जरी के बाद मार्च में सपने टूटते हुए दिख रहे थे। उसके बाद एक महीने तक बिस्तर पर आराम करना पड़ा, जबकि दूसरे लोग कड़ी मेहनत कर रहे थे। लेकिन फिर मुझे एहसास हुआ - यही मेरा लक्ष्य है। भारत के लिए मेरा प्यार, उसका प्रतिनिधित्व करने की मेरी इच्छा - यही कारण है कि मैंने यह यात्रा शुरू की। लेखरा का मंत्र, एक दिन सब ठीक हो जाएगा तैयारी के उन कठिन हफ्तों के दौरान उनका युद्धघोष बन गया। उन्होंने कहा, संदेह के उस क्षण से लेकर भारत के लिए एक और स्वर्ण पदक जीतने तक-यह विश्वास की एक बड़ी छलांग थी। मिर्ची गेट एक्टिव एक्सपो, वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के लिए तैयार होने वाले धावकों के लिए केंद्र के रूप में कार्य करता है। यहां, प्रतिभागी अपने आवश्यक रनिंग बिब्स प्राप्त कर सकते हैं और शीर्ष स्तरीय खेल और जीवन शैली ब्रांडों से विशेष ऑफर्स का पता लगा सकते हैं।

## व्यापार

# सीतारमण ने मैक्सिको के ग्वाडलजारा में टेक लीडर्स राउंडटेबल की अध्यक्षता की

एजेंसी

**मैक्सिको सिटी।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को यहां ग्वाडलजारा में चैंबर ऑफ कॉमर्स में टेक लीडर्स राउंडटेबल की अध्यक्षता की। सीतारमण ने बैठक के दौरान 'भारत और मैक्सिको के बीच तकनीकी सहयोग को मजबूत करने' पर चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि इस बैठक का उद्देश्य वैश्विक प्रौद्योगिकी नेताओं को एक साथ लाना था, जिसमें इस क्षेत्र में काम करने वाली प्रमुख भारतीय आईटी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल थे। इस गोलमेज सम्मेलन का आयोजन मैक्सिकन एसोसिएशन ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री और टाटा कंसल्टिंग सर्विसेज ने मैक्सिको में भारतीय

वित्त मंत्री ने टीसीएस मुख्यालय में उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की




दूतावास और आर्थिक मामलों के विभाग के सहयोग से किया था।

वित्त मंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए समान स्थिति वाली अर्थव्यवस्थाओं के लिए अवसर और जिम्मेदारियों के बारे में बात की और बताया कि कैसे भारत और मेक्सिको एक-दूसरे का लाभ उठाने के साथ सहयोग कर सकते हैं। सीतारमण ने कहा कि मेक्सिको निकटवर्ती क्षेत्र के माध्यम से फल-फूल रहा है, जिसके परिणामस्वरूप बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बीच सहयोग हुआ है और प्रतिभाओं के आदान-प्रदान के साथ-साथ जोखिम न्यूनीकरण के लिए संयुक्त प्रयास भी संभव हुए हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री ने 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में काम करते हुए भारत में हो रहे तेजी से बदलाव पर प्रकाश डाला। सीतारमण ने भारत और मेक्सिको के बीच विकास और सहयोग के नए क्षेत्रों का हवाला देते हुए कहा कि मेक्सिको निकटवर्ती क्षेत्र के माध्यम से फल-फूल रहा है, जिसके परिणामस्वरूप बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बीच सहयोग हुआ है।

# तीन दिन की गिरावट के बाद शेयर बाजार में लौटे खरीदार, सेंसेक्स और निफ्टी ने निचले स्तर से की शानदार रिकवरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लगातार 3 दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार रिकवरी के मूड में नजर आया। आज के कारोबार की शुरूआत भी गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद गिरावट और बढ़ती चली गई लेकिन पहले 15 मिनट के कारोबार के बाद ही बाजार में खरीदारों ने अपना जोर बना दिया, जिससे शेयर बाजार की रफ्तार में तेजी आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.27 प्रतिशत और निफ्टी 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए।

कारोबार के दौरान बैंकिंग, मेटल, फाइनेंशियल, यूटिलिटी, रियल्टी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। दूसरी ओर आईटी, ऑयल एंड गैस, टेक और एफएमसीजी

### निवेशकों ने 1 दिन में कमाए 1.05 लाख करोड़ रुपये



इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार का अंत किया।

बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 458.30 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 457.25 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.05 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

कारोबार में बीएसई में 4,043 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,932 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,004 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 107 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2,494 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,183 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,311 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर बढ़त के साथ और 11 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 32 शेयर हरे निशान में और 18 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 257.35 अंक की गिरावट के साथ 80,749.26 अंक के स्तर पर खुला।

### विस्तारा के यात्रियों को मिलने वाला अनुभव जारी रहेगा: एयर इंडिया

**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि विलय के बाद विस्तारा के मार्ग तथा समय सारणी के साथ-साथ उड़ान के दौरान मिलने वाला अनुभव समान ही रहेगा। एयर इंडिया और विस्तारा के विलय की प्रक्रिया 12 नवंबर को पूरी होने वाली है। एयर इंडिया ने एक्स पोस्ट पर एक बयान में साफ किया कि विस्तारा के रूट्स और समय सारणी के साथ-साथ उड़ान के दौरान मिलने वाला उसका अनुभव आगे भी जारी रहेगा। विलय के बाद विस्तारा के विमानों से संचालित उड़ानों का कोड 'एआई2' होगा। दरअसल दोनों पूर्ण सेवा वाहकों का विलय 12 नवंबर को पूरा होने वाला है। कंपनी ने कहा कि विलय के क्षितिज पर होने और इसके साथ आने वाले बदलावों के साथ हम आपको आश्वस्त करना चाहते हैं कि आपका विस्तारा इन-फ्लाइट अनुभव खत्म नहीं होने वाला है। आप नए कोड अक2 के तहत उसी विश्वस्तरीय बेड़े, असाधारण सेवा और जाने-पहचाने चेहरों का आनंद लेना जारी रख सकते हैं।

# केन्द्रीय किसान कल्याण मंत्री भागीरथ चौधरी से गुजरात के राज्यपाल ने प्राकृतिक खेती और गौपालन को ले कर की चर्चा

## अजमेर मिट्टी हो चुकी बंजर, प्राकृतिक खेती ही विकल्प - केन्द्री कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी

## आर्यसमाज का मिशन हो गौ सेवा और प्राकृतिक खेती, गौ शालाएं खोलने से गौ माता का संरक्षण नही होगा यह तब होगा जब हर घर में गौ माता होगी : आचार्य देवव्रत, गुजरात राज्यपाल

चमकता राजस्थान



**रघुनंदन पारीक श्रीनगर।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत परोपकारिणी सभा अजमेर में महर्षि दयानन्द सरस्वती द्विजन्म- शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ऋषि उद्यान अजमेर में सम्मिलित हुए केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी एवं राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के साथ द्विप प्रज्जवलित कर तीन दिवसीय समारोह का शुभारंभ किया। आचार्य देवव्रत ने महर्षि दयानन्द के सिद्धान्तों को जीवन में उतारने और उनको राष्ट्र हित में लागु करने पर जोर दिया , राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में देश भर से आये आर्य समाज अनुयायियों को संदेश दिया कि आर्य समाज के सिद्धान्त और कार्य पर्यावरण संरक्षण का संदेश है हर संस्था का एक मिशन होता है और आर्य समाज का मिशन प्राकृतिक खेती और गौ सेवा होना चाहिए जिसके लिए दयानन्द सरस्वती जी ने गौ करूणानिधी पुस्तक लिखी थी। आचार्य ने आ''ान किया कि केवल गौ माता की जय बोलने और गौ शालाएं खोलने से ही गौ माता की जय और संरक्षण नही होगा इसके लिए हर घर में गाय हो यह सुनिश्चित करना होगा। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने उद्बोधन में महर्षि दयानन्द सरस्वती को याद करते हुए कहा कि आज महिला शिक्षा और भेदभाव रहित समाज है उसके लिए दयानन्द सरस्वती जी का हि योगदान रहा है उन्होने समाज की कुरूतियों को समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है। दयानन्द सरस्वती जी ने प्रकृति संरक्षण के लिए महत्पवपूर्ण कार्य किया है आज मिट्टी बंजर हो रही है ऐसे में हमें पुनः प्राकृतिक खेती की ओर लौटना होगा।

गुजरात के राज्यपाल कार्यक्रम पश्चात किशनगढ स्थित केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के निवास पर आये जहां उन्होने केन्द्रीय मंत्री के साथ लंच किया और चौधरी के पुत्रों सुभाष और राजेश से आत्मीय मुलाकात की और प्राकृतिक खेती पर चर्चा की।

# संक्षिप्त समाचार

## सीकर हाउस में कुत्तों का आतंक, दो दिन में छह बच्चों को काटा

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज के वार्ड 56 की सीकर हाउस व आसपास की कॉलोनियों में आवारा कुत्तों का आतंक मचा हुआ है। दो दिन में छह बच्चों समेत 10 लोगों को कुत्ते काट चुके हैं। पांच छह कुत्तों का एक समूह है जिनमें से एक ही कुत्ता हमला व काट रहा है। छोटे बच्चों को देखते ही यह कुत्ता हमला कर रहा है। राह चलते व दुपहिया वाहन पर चलते बड़ों को भी काटने दौड़ता है। पीछे से आकर पैरों में काट रहा है।



बुधवार सुबह एक साल की बच्ची को तो घर में घुस उसके मुंह पर काट खाया। बच्चे की चीख पुकार सुनकर परिजनों ने बच्ची को कुत्ते से छुड़वाया। बच्ची के चेहरे पर गहरे घाव आए हैं। इसी दिन शाम को घर के बाहर खेल रही। 5 साल की अनन्या को भी कुत्ते ने घुटने पर काट खाया। कुत्ते के हमले व काटने से वह बेहोश हो गई। उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया है, जहां उसके घुटने का ऑपरेशन हुआ है। गुरुवार को सीकर हाउस के सी ब्लॉक और बी ब्लॉक में भी यह कुत्ता चार बच्चों पर हमला करके घायल कर चुके हैं। कॉलोनी के विनोद जैन ने कहा कि उसकी पोती अनन्या को कुत्ते ने काटा। वह अभी भी हॉस्पिटल में हैं।एक सप्ताह में यह कुत्ता आसपास की चार पांच कॉलोनियों में बीस से अधिक बच्चों व बड़ों को काट चुका है। यह कुत्ता पागल हो गया है। देखते ही काटने दौड़ता है। नगर निगम को लिखित शिकायत देने पर भी अभी तक कुत्ते को पकड़ा नहीं गया है। सीकर हाउस के साथ माली कॉलोनी, हाजी कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी व स्वामी बस्ती में इस कुत्ते ने आतंक मचा रखा है।

## हिमाचल प्रदेश ने जीता ऑल इंडिया हनुमान सिंह हैण्डबॉल का खिताब

- भारतीय रेलवे को फाइनल में किया पराजित
- हरियाणा व मोरसिंगी हैंडबॉल नर्सरी संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे




**चमकता राजस्थान। जयपुर।** हिमाचल प्रदेश ने भारतीय रेलवे को कडे मुकाबले में 21-17 गोलो से हराकर 19वीं ऑल इंडिया स्व. हनुमान सिंह महिला हैण्डबॉल चैंपियनशिप-2024 का खिताब जीता। मध्यान्तर तक हिमाचल प्रदेश ने 13-08 से बढ़त बना रखी थी। तीन दिवसीय इस चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश पहले, भारतीय रेलवे दूसरे तथा हरियाणा व मोरसिंगी हैंडबॉल नर्सरी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। मुख्य अतिथि हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के उपाध्यक्ष मुकुल कुमार यादव व समारोह अध्यक्ष एसोसियेट उपाध्यक्ष ललित कुमार कलाल ने विजेता, उपविजेता तथा संयुक्त तीसरे स्थान पर रही टीमों को पुरस्कार वितरित किये।

इससे पहले सुबह के सत्र में हुए सेमीफाइनल मुक़ाबले में भारतीय रेलवे ने मोरसिंगी हैंडबॉल नर्सरी को 25-16 (13-06) से तथा हिमाचल प्रदेश ने हरियाणा को 29-19 (09-07) से हराया।

आयोजन सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश की भावना शर्मा रही तथा सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर भारतीय रेलवे की नीना शील रही। दोनों खिलाड़ियों को 5100-5100 रू के नक़द पुरुस्कार से मुकुल कुमार यादव की तरफ़ से प्रदान किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप गुरु वशिष्ठ अवार्डी सुब्रत सेन व करण सिंह शेखावत मौजूद थे।

## दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**चमकता राजस्थान। नदबई,(राजवीर सिंह)।** लखनपुर थाना क्षेत्र में घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म करने के मामलें में करीब दो माह से फरार आरोपी को लखनपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया। जहां से गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार लुलहारा निवासी संजीव उर्फ संजू पुत्र राजेश जाटव को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि करीब दो माह पहले गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पीडित महिला ने घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज कराया। बाद में पुलिस ने जांच पडताल कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## गिरीश जौहरी चुने गए नदबई विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि



**चमकता राजस्थान। भरतपुर(राजवीर सिंह)** नदबई निवासी कांग्रेस नेता गिरीश जौहरी को भरतपुर सांसद संजना जाटव ने नदबई विधानसभा से अपना सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया है।मनोनयन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि गिरीश जौहरी कांग्रेस पार्टी के काफी पुराने समय से समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं। इनके द्वारा पार्टी को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जाता रहा है, इनके द्वारा पार्टी के प्रति समर्पण की भावना को देखते हुए सांसद संजना जाटव ने इन्हे अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। सांसद प्रतिनिधि गिरीश जौहरी ने कांग्रेस पार्टी एवं भरतपुर सांसद संजना जाटव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नदबई विधानसभा में सांसद के कार्यों की गतिविधियों में अपना योगदान देकर आमजन को लाभांवित करने का पूरा सहयोग करूंगा। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि गिरीश जौहरी मनोनित होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने व्यक्तिगत एवं सोशल मीडिया के माध्यम से बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी।

# पत्रकारिता एक सेवा है ना कि व्यवसाय: बाला भास्कर

## पत्रकारिता को संवैधानिक दर्जा देने की जरूरत : सैन





चमकता राजस्थान

बंगलोर। इंडियन मीडिया जर्नलिस्ट्स यूनियन का राष्ट्रीय अधिवेशन व आम सभा बैंगलोर के सिटी विश्वविद्यालय के सभागार में यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाला भास्कर की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ. अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए बाला भास्कर ने कहा कि पत्रकारिता एक मिशन है और सेवा है ना कि व्यवसाय। आज के दौर में खबरों को मीडिया हाउस या संस्थान नियंत्रित कर रहे हैं। जिससे पत्रकारिता की आत्मा मर रही है। पत्रकार को ब्लेक मेलर कह कर बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। जबकि संस्थान खुद ब्लेक मेलर साबित हो रहे हैं.प्रेस को कानूनी रूप से आजादी है। लेकिन संस्थान इस आजादी को छीन रहे हैं। बैंगलोर में यूनियन की यह 12 वीं आम सभा थी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पत्रकारों के हालात पर चर्चा करते हुए राज्य सरकारों व केंद्र सरकार से पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा करने पर विशेष जोर दिया।

आईएमजेयू के राष्ट्रीय महासचिव रोहिताश सैन ने कहा कि लोकतंत्र में न्यायपालिका, कार्यपालिका व व्यवस्थापिका के रूप मे तीन स्तंभ हैं। चौथा स्तंभ मीडिया को माना जाता है। तीनों के पास वेतन,भत्ते,आवास व सारी सरकारी सुख सुविधाएँ मौजूद हैं। लेकिन पत्रकारों के लिए कोई सुख सुविधा उपलब्ध नही है। उन्होने पत्रकारों के लिए सम्मान जनक वेतन व मीडिया को चौथे स्तंभ का संवेधानिक दर्जा देने का प्रस्ताव रखा। जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया। यूनियन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य विनोद मेश्राम ने पत्रकारों के समक्ष आ रही चुनौतीयों पर प्रकाश डालते हुए यूनियन की एकजुटता पर बल दिया।समाज विज्ञानी डॉ. समता देशमान्या ने पत्रकारिता के सामने आ रही समस्याओं को रेखांकित किया। कर्नाटका एडिटर्स एसोशिएन की उपाध्यक्ष डॉ.पदमा नागराज ने भी विस्तार से पत्रकारों से जुडी समस्याओं व उनके समाधान करने का जिक्र किया। आईएमजेयू जयपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष सुरेश शर्मा ने पत्रकार सुरक्षा कानून की आवश्यकता,पत्रकारों के वेतन व भत्तों,यातायात में छूट,स्वतंत्र पत्रकारों,वरिष्ठ पत्रकार की पेंशन,स्वास्थ्य सेवाओं सहित पत्रकारिता के समक्ष चुनौतियों पर चर्चा की। हिमाचल प्रदेश आईएमजेयू अध्यक्ष कामेश्वर शर्मा ने साप्ताहिक,मासिक समाचार पत्रों के साथ मझोले समाचार पत्रों के साथ हो रहे नुकसान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कर्नाटक इकाई अध्यक्ष रवि शास्त्री ने कर्नाटका में राष्ट्रीय कन्वेशन व आमसभा की मेजबानी देने पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया तथा पत्रकारों के हितों की लडाई लडने का भरोसा दिलाया। हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार उज्जवल शर्मा ने कहा कि आज के दौर मे अखबार पत्रकारिता की बजाय व्यवसायिकता की तरफ बढ़ रहे हैं। इस कारण पत्रकारिता में भविष्य नही होने के चलते आज के मातापिता अपने बच्चों को पत्रकार बनाने से हिचकते हैं। आमसभा को मध्यप्रदेश के पत्रकार पवन डाबी,बनवारी लाल शर्मा राजस्थान,संजय शर्मा उत्तराखंड व भारतीय नौ सेना के सेवानिवृत अधिकारी जयराम सिंह ने संबोधित करके पत्रकार हितों की रक्षा को आवाज देने पर जोर दिया। इस अवसर पर कर्नाटक इकाई के कोषाध्यक्ष डॉ.नरेंद्र नाथ,राज्य सचिव डॉ.एम सिद्दप्पा नेगावाला,उपाध्यक्ष जी नागराज सौरभ ,सुरेश एन समेत अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

- **पत्रकारों का कर्नाटक इकाई ने किया सम्मान**

आईएमजेयू की आम सभा मे आये देशभर से पत्रकारों का कर्नाटका की संस्कृति के अनुरूप विशेष माला व साफा पहनाकर तथा शॉल ओढाकर सम्मानित किया। सभी पत्रकारों को प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया गया।

### कॉनफैड का ग्रीन इनीशियेटिव

## उपहार स्टोर पर मिलेगी चौमूं के मीठे पानी की ताजी सब्जियां और फल



**चमकता राजस्थान/जयपुर, 18 अक्टूबर।** राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफैड) ने ग्रीन इनीशियेटिव के तहत सहकार भवन स्थित अपने उपहार स्टोर से आज शुक्रवार को सब्जियों और फलों की बिक्री प्रारम्भ की गई। उपहार स्टोर पर चौमूं के मीठे पानी की ताजी सब्जियां और सीजनल फल की पूरी वैरायटी उपलब्ध कराई गई है ताकि एक ही छत के नीचे परिवार की जरूरत पूरी हो सके।

स्टोर का शुभारम्भ करते हुए शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार,सहकारिता विभाग श्रीमती मंजू राजपाल ने कहा कि कॉनफैड का यह ग्रीन इनीशियेटिव आमजन के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिये किया गया नवाचार है। इस स्टोर पर सीजनल फलों तथा चौमूं क्षेत्र में मीठे पानी से उपजाई ताजी सब्जियां प्रतिस्पर्धी दरों पर उपलब्ध कराई जायेंगी। उन्होंने कहा कि यह प्रयोग सफल होने पर उपहार के अन्य स्टोर पर भी सब्जियां उपलब्ध कराने की योजना है। श्रीमती राजपाल ने कहा कि सहकारिता एक सबके लिये सब एक के लिये के मूल मंत्र को अपनाते हुए कार्य करती है और इसी ध्येय वाक्य को ध्यान में रखते हुए हम नवाचारों को अपना रहे हैं। इस अवसर पर कॉनफैड की प्रबंध संचालक श्रीमती शिल्पी पाण्डे, महाप्रबंधक अनिल कुमार, राजेन्द्र सिंह सहित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## कला संवाद (संगोष्ठी) में विद्वानों ने प्रकट किए विचार

# कला विषमता को दूर कर कलुषिता को धोती है

चमकता राजस्थान




जयपुर, 18 अक्टूबर। कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती का तीन दिवसीय ''राष्ट्रीय कला मिलन उत्सव'' का समारोह पूर्वक शुभारंभ हुआ।

गुलाबी नगर जयपुर के मानसरोवर की कृष्णा सागर कालोनी स्थित महेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन ''अभिनंदन'' के सभागार में 18 अक्टूबर, 2024 को अपराह्न 3.30 बजे कला संवाद (संगोष्ठी) संपन्न हुआ।

संवाद में ''भारतीय कला दृष्टि और आध्यात्म'' विषय पर राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. इंदुशेखर तत्पुरुष ने बताया कि भारतीय कला दृष्टि समग्र जीवन को प्रतिबिंबित करती है। मानव जीवन के लौकिक और लोकोत्तर सभी पक्ष हमारी सारी कलाओं में चि़त्रत और निर्मित होते हैं। जीवन के अधूरे छूटे हुए स्वप्नों, आकांक्षाओं और लक्ष्यों को हम कला के माध्यम से पूर्ण कर आनन्द अनुभव करते हैं। कलाओं में आध्यात्मिक दृष्टि के कारण कलाकार सम्पूर्ण चराचर को अपने से अलग नहीं समझता और उन्हें अपनी निर्मिति में संयोजित करता है। जो कला मम से ममेतर को, प्रत्यक्ष से परोक्ष को और लौकिक से अलौकिक को जोड़ती है वह उतना ही आध्यात्मिक दृष्टि से सम्पन्न होती है। चित्र, नृत्य, मूर्ति, संगीत ये सभी कलाएं ऐन्द्रिक सुखानुभूति विषयों के स्तर से ऊपर मनुष्य को उठाकर आनन्दमय कोष की ओर ले जाती है। यही उनके आध्यात्मिक स्तर का प्रमाण है। षास्त्रों में इस आनन्द को ब्रह्मानन्द सहोदर कहा जाता है। ''सौन्दर्य शास्त्र की भारतीय अवधारणा'' विषय पर राजस्थान विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग तथा पत्रिका एवं जन संचार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.(डा.) नंदकिशोर पाण्डेय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि भारतीय सौन्दर्यषास्त्र में आध्यात्मिकता की प्रस्तुति है। इसी दृष्टि से वाल्मीकि रामायण से लेकर अभी तक के साहित्य और षिल्प में इसे प्रस्तुत किया जा रहा है। भारतीय वाद्य, संगीत, नाट्य तथा निर्माण कला अध्यात्म को ही पुष्ट करते हैं। इसके माध्यम सेश्भारतीयों ने जीवन जीने की कला सीखी है और मोक्ष की साधना की है। कला संवाद का संचालन संस्कार भारती जोधपुर प्रांत के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र जालोरी ने किया और जयपुर प्रांत की अध्यक्ष डॉ. मधु भट्ट तैलंग ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### अहिल्याबाई नाटक का हुआ सक्त मंचन

संस्कार भारती , जयपुर प्रांत द्वारा आयोजित ''राष्ट्रीय कलामिलन उत्सव'' के अवसर पर मालवा की प्रसिद्ध देवी अहिल्याबाई पर आधारित नाटक 'पुण्यश्लोका अहिल्याबाई'' का मंचन किया गया। अहिल्याबाई एक अत्यंत प्रजावत्सल, न्यायदानी, राजनीति निपुण, सादगी की प्रतिमूर्ति षासिका थी। उन्होने अपनी निजी संपत्ति का उपयोग करते हुए भारत भर में 300 से अधिक मंदिरों, कुओं, बावड़ियों और अन्नक्षेत्रों की स्थापना की।उनके जीवन में अनेक पारिवारिक एवं राजनीतिक चुनौतियां आईं किन्तु उन्होंने बड़ी दृढ़ता से सभी का सामना करते हुए अपना धर्म किस प्रकार निभाया। इसी को इंगित करता हुआ इस नाटक का सषक्त प्रस्तुतीकरण रहा। इस नाटक का लेखन-निर्देशन संदीप लेले ने किया। नाटक में प्रकाष, पल्लवी, हृदया, विदुषी, सक्षम, समर्थ, गौरव, देव, सुयष, इंद्रपालसिंह, सुरुचि, अंकित, राहुल ने अभिनय किया। गीत गरिमा षर्मा, संगीत श्याम रेड्डी ने दिया। वेषभूषा मंजरी की और रंग सज्जा रवि बांका का और नृत्य संयोजन याषिका का रहा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929